

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 पीएम मोदी की वजह से वंचितों के ...

5 दशक में पहली बार चौधरी परिवार की... 12

वर्ष : 11 | अंक : 316 | पटना, रविवार, 31 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 69,040
चांदी 78,900
सेंसेक्स 73,635
निफ्टी 22,326

## संक्षिप्त खबरें

### इस बार 400 सीट जीतेगा एनडीए : आर के सिंह

पटना। चुनाव प्रचार के लिए आरा पहुंचे केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि एनडीए इस बार 400 सीट जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों पर जो विश्वास जताया है, उस पर हम खड़ा उतरेंगे। बिहार की 40 सीटों पर जीत का विश्वास जताते हुए आरके सिंह ने महागठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा, चुनावी नतीजों से हमारे आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। वहीं, इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक होने के दावे के बीच जिस तरह से पप्पू यादव ने निर्दलीय पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है, उस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, आप लोग खुद देख लीजिए कि इंडिया गठबंधन में क्या चल रहा है। किसी के कहने से कुछ नहीं होता, यह खुद खंड-खंड विखंड हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद को पिछली बार से भी कम सीट आएगी।

### पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर गिरफ्तार

रांची। झारखंड के लातेहार जिले की पुलिस ने पांच लाख के इनामी माओवादी नक्सली कमांडर नेशनल भुइयां उर्फ जीनियस को गिरफ्तार किया है। लातेहार के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नेशनल भुइयां के खिलाफ लातेहार के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं। वह लोकसभा की चुनावी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लातेहार के मिरचइया और लोहरगढ़ा जंगलों में अपने दस्ते के साथ रणनीति बनाने में जुटा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जैसे ही जंगल में छापेमारी की, नक्सली भागने लगे। पुलिस ने इनमें से एक को दबोचा, जिसकी पहचान नेशनल भुइयां के रूप में हुई है। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में उसका ओहदा सब जोनल कमांडर का है। उसे इस इलाके में सक्रिय मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर छोटू खरवार का दाहिना हाथ माना जाता है। पुलिस की छापेमारी टीम की अगुवाई एसडीपीओ वेंकटेश कुमार कर रहे थे।

## कर्पूरी ठाकुर, चौधरी चरण सिंह समेत चार हस्तियों को भारत रत्न, राष्ट्रपति भवन में हुआ समारोह

# राष्ट्रपति मुर्मू ने चार हस्तियों को भारत रत्न से किया सम्मानित









प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इन चारों हस्तियों को यह सम्मान मरनोंपरांत दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्हें आज यह सम्मान नहीं दिया गया। उनके घर जाकर यह सम्मान दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नरसिम्हा राव के पुत्र पी वी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत सिंह, कपूर्री ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर और डॉक्टर स्वामीनाथन की पुत्री नित्या राव ने यह सम्मान लिया। श्री कपूर्री ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वंचित लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करने वाले श्री कपूर्री ठाकुर ने बहुत सम्मान अर्जित किया था और लोगों ने उन्हें जन-नायक का दर्जा दिया था। श्री कपूर्री ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी थे, तथा समानता और समावेशी विकास के प्रबल पक्षधर थे।

वे अपने जीवन की सादगी और निःस्वार्थ कार्यों के लिए जाने जाते थे। स्वर्गीय श्री कपूर्री ठाकुर की ओर से भारत रत्न उनके पुत्र श्री रामनाथ ठाकुर ने प्राप्त किया। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति की ओर से सोशल मीडिया पर कहा गया, भारत के नौवें प्रधान मंत्री के रूप में, श्री पी. वी. नरसिंह राव ने दूरगामी आर्थिक सुधारों का नेतृत्व किया था। अपनी युवावस्था में, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में, विशेषकर निजामशाही के दौरान हैदराबाद में कुशासन और उत्पीड़न के विरुद्ध, संघर्ष किया था। अनेक भाषाओं और साहित्यों पर उनका अधिकार सर्वविदित था। पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह को में देशभक्ति की भावना प्रबल थी।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा था। जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार में उनके योगदान को तथा अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था की उनकी गहरी समझ को, सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। किसानों से उनका जुड़ाव अद्भुत था। डॉ. स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्हें भारत की हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। कृषि से जुड़े प्रत्येक आयाम पर अपनी असाधारण समझ के साथ, उन्होंने अनुसंधान, शिक्षा और नई किस्मों तथा विधियों के विकास के लिए अनेक अभियानों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन सभी के लिए भोजन और पोषण सुरक्षा के लक्ष्य के लिए समर्पित कर दिया।

इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा वगैरह भी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि





प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए गए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न एक ऐसी विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है और समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कपूर्री जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान, हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है। मोदी ने कहा, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने हमारे देश के लिए जो किया है, हर भारतीय उसकी प्रशंसा करता है और गर्व महसूस करता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा, राव ने हमारे देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन कृषि की दुनिया में एक सम्मानित हस्ती थे और आनुवंशिकी व कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने कहा, उनके उल्लेखनीय योगदान तथा प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। मैं कामना करता हूं कि उन्हें दिया गया भारत रत्न कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे।

# भाकपा माले ने तीन सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान



सुदामा प्रसाद



राजाराम सिंह



संदीप सौरभ

**उम्मीदवार**

- आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह व नालंदा से संदीप सौरभ लड़ेंगे चुनाव

प्रात : किरण

पटना। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी( भाकपा-माले) ने बिहार की तीन लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। भाकपा माले ने शनिवार को आरा संसदीय क्षेत्र से विधायक सुदामा प्रसाद, काराकाट से पूर्व विधायक राजा राम सिंह और नालंदा संसदीय क्षेत्र से विधायक संदीप सौरभ को अपना उम्मीदवार बनाये जाने का ऐलान किया। राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वामदलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलाइंस में सीटों के तालमेल के तहत भाकपा-माले को आरा, काराकाट और नालंदा लोकसभा सीटें मिली हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद भोजपुर जिला के तरारी विधानसभा से भाकपा माले के विधायक हैं। वह 2015 में पहली बार तरारी सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित हुए। वहीं, नालंदा से प्रत्याशी संदीप सौरभ पटना जिला के पालीगंज से विधायक हैं जबकि काराकाट से माले प्रत्याशी राजाराम सिंह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव हैं। वह 1995 और 2000 में औरंगाबाद जिला के ओबरा से दो बार विधायक भी रह चुके हैं। माले ने बिहार के अगिआंव विधानसभा उप चुनाव के लिए पार्टी के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन को मैदान में उतारा है ।2020 के विधान सभा चुनाव में विजयी माले के मनोज मंजिल को हत्या मामले में सजा होने के बाद उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि मनोज मंजिल को एक झूठे मुकदमे में फसाकर उन्हें सजा दिलवाई गई। इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। शिवप्रकाश रंजन बिहार में छात्र आंदोलन के चर्चित नेता रहे हैं. उन्होंने आइसा के बिहार राज्य सचिव की जिम्मेवारी भी संभाली है. वे भाकपा-माले की राज्य कमिटी के भी सदस्य हैं। माले नेताओं ने कहा कि बिहार की सभी 40 सीटों पर पूरी एकता व जीत के संकल्प के साथ महागठबंधन उतरेगा।

# लोजपा-रामविलास ने उतारे उम्मीदवार, हाजीपुर से चिराग मैदान में

- वैशाली से वीणा देवी, समस्तीपुर से शाम्भवी चौधरी प्रत्याशी घोषित
- जमुई से अरूण भारती तो खगड़िया से राजेश वर्मा ठोकेंगे ताल

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पांच सीट पर अपने प्रत्याशियों ने नाम का एलान कर दिया है। लोजपा(रामविलास) को हाजीपुर, वैशाली, जमुई, समस्तीपुर और खगडिया सीट मिली है। इन पांच में से दो सीटों के उम्मीदवार पहले से



तय थे। हाजीपुर सीट से पार्टी प्रमुख चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगे। वहीं मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और महावीर न्यास बोर्ड के सचिव आचार्य किशोर कुणाल की बहू शांभवी चौधरी को समस्तीपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से चिराग पासवान के चचेरे भाई प्रिंस राज सांसद हैं। जमुई लोकसभा सीट से अरुण भारती को बनाया उम्मीदवार :सबसे ज्यादा चर्चित रहे जमुई लोकसभा सीट से अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, चिराग पासवान ने पहले ही उन्हें सिंबल दे दिया था। अरुण भारती चिराग पासवान के अपने बहनोई हैं। दो दिन पहले ही अरुण भारती ने जमुई लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था। वैशाली सीट से वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया गया : लोजपा (रामविलास) ने खगड़िया लोकसभा सीट से राजेश वर्मा और वैशाली सीट से वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया है। वीणा देवी वैशाली की वर्तमान सांसद भी हैं। इस बात की चर्चा थी कि वीणा देवी का टिकट कट सकता है लेकिन चिराग पासवान ने सारे अटकलों पर विराम लगा दिया। खगड़िया सीट पिछले चुनाव में लोजपा से चौधरी महबूब अली कैसर ने चुनाव जीता था। कैसर पारस गुट में चले गए। इसलिए चिराग पासवान की पार्टी से राजेश वर्मा को टिकट दिया गया।

### ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट फाइल की

रांची। प्रवर्तन निदेशालय ने रांची के बड़गाईं अंचल में 8.46 एकड़ जमीन के घोटाले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में शनिवार को चार्जशीट फाइल कर दी। सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन आज पूरे हो गए। नियमतः किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है। ईडी की टीम एक ट्रंक में चार्जशीट के कागजात लेकर शाम करीब 4.20 बजे रांची कोर्ट पहुंची। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कुल 5,500 पन्नों में चार्जशीट फाइल की है।

# आयकर विभाग के 'साक्ष्य' बढ़ाएंगे कांग्रेस की मुसीबत

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आयकर विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है, लेकिन उसे विभिन्न न्यायिक निकायों से किसी भी तरह की राहत नहीं मिल पाई है। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग ने कोर्ट में इस मामले में ठोस सबूत पेश कर दिए हैं। इन सबूतों के जरिए कोर्ट के सामने यह बात रखी गई है कि कांग्रेस पार्टी को साल 2013 और 2019 के बीच 626 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। सूत्रों के अनुसार, अब आयकर विभाग कांग्रेस से कुल 2,500 करोड़ रुपये से ज्यादा वसूल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल 2019 में आयकर विभाग के




छापों में कांग्रेस द्वारा मेघा इंजीनियरिंग और एक कंपनी से नकदी प्राप्त होने के बारे में जानकारी दी गई है। यह कंपनी कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के सहयोगी के करीबियों की बताई जा रही है। इन कंपनियों के जरिए कांग्रेस को साल 2013-14 से 2018-19 तक 626 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि मेघा इंजीनियरिंग ने नकद राशि ठेकों के लिए दी थी। कमलनाथ के सहयोगियों से प्राप्त यह राशि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार से जुड़ी थी, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, मंत्रियों, व्यापारियों आदि समेत कई लोगों से रिश्वत के रूप में वसूली की बात सामने आई थी। इस नकदी की पुष्टि कई तरीकों से की गई है, जैसे तलाशी के दौरान मिले दस्तावेज, व्हाट्सएप मैसेज और दर्ज किए गए बयान। साक्ष्य में कांग्रेस नेता कमलनाथ के आधिकारिक आवास से एआईसीसी दफ्तर तक 20 करोड़ रुपये के विशिष्ट भुगतान का जिक्र किया गया है। सूत्रों के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत, यदि कई शर्तें पूरी होती हैं, तो एक सियासी पार्टी द्वारा प्राप्त आय के लिए छूट दी

# महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और ध्रुवीकरण होगा महारैली का मुख्य मुद्दा: जयराम रमेश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विपक्षी गठबंधन रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करने जा रहा है। इस संबंध में कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि रैली का मुख्य मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और ध्रुवीकरण होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश (संचार) ने कांग्रेस मुख्यालय में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि 31 मार्च (रविवार) की रैली लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है, इसलिए नाम लोकतंत्र बचाओ रैली रखा गया है। जयराम रमेश ने कहा



कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति के बाद मुंबई में आईएनडीआईए गठबंधन की एक बड़ी रैली हुई थी। वहां पर पहला शंखनाद हुआ था और कल (रविवार) दूसरा बड़ा शंखनाद होगा। इस रैली में पूरा आईएनडीआईए शामिल है। इस रैली में देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और सामाजिक ध्रुवीकरण मुख्य मुद्दा होगा। दिल्ली में प्रस्तावित रैली को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों तैयारियों में जुट गई है। शनिवार को एक तरफ जहां आप के विधायक आयोजन स्थल पर तैयारियों का जाएजा लेने पहुंचे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन कर स्पष्ट कर दिया कि यह किसी पार्टी की रैली नहीं होगी यह किसी व्यक्ति की रैली नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि यह आईएनडीआईए में शामिल सभी 28 पार्टियों की रैली है। यह अलग बात है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग फामूर्ला लागू नहीं हुआ फिर भी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गठबंधन की इस लोकतंत्र बचाओ रैली में शामिल होंगे।

**प्रक्षेपण** | भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप से दागी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

# भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति-सुरक्षा के लिए मजबूत क्षमता का किया प्रदर्शन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने अंडमान और निकोबार द्वीप से लंबी दूरी की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण करके हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए एक मजबूत ताकत के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। ब्रह्मोस मिसाइल ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऊपर ऊंची उड़ान भरते हुए एक बार फिर अपनी अद्वितीय शक्ति को साबित किया। सोच-समझकर किये गए मिसाइल हमले ने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। इससे पहले भारतीय सेना ने पिछले साल 10 अक्टूबर और



03 नवंबर को 450 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण किया था। 29 मार्च को किये गए परीक्षण के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप में नो-फ्लाई जोन का सुझाव दिया गया था। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने एक बयान में बताया कि राइजिंग सन मिसाइल विशेषज्ञों ने अपनी लंबी दूरी की लक्ष्यीकरण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने 90 डिग्री मुड़कर सटीक निशाना बनाया। इस सफल मिसाइल परीक्षण से भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। साथ ही दुश्मनों के लिए भारत और अधिक मजबूत हो गया है।

भारत के लगातार सफल परीक्षण किये जाने से विरोधियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। दुनिया की सबसे तेज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवम्बर, 2020 को भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था। ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कुछ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब एयरबेस में तैनात हैं। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली है, जिसने भारत को मिसाइल तकनीक में अग्रणी बना दिया है। ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज 290 किलोमीटर से बढ़ाकर 800 किलोमीटर तक कर दी गई है और अब 1,000 मिलीमीटर की रेंज बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्ध हत्याकांड में 12 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

फतुहा। होली के दिन जनार्दनपुर गांव में हुई रोड़ेबाजी में वृद्ध कृष्णनंदन सिंह की हुई हत्या मामले में पुलिस ने 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने यह प्राथमिकी मृतक के भाई जयनंदन सिंह के बयान पर दर्ज की है। वहीं छेड़खानी मामले में पीड़िता के बयान पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। दोनों पक्षों के आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। विदित हो कि छेड़खानी के विरोध में हुई रोड़ेबाजी में घायल वृद्ध कृष्णनंदन सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत

दानापुर खगौल रेलवे थाना के नेउरा स्टेशन के बीच पोल संख्याझ558/12 व 558/13 के बीच किसी चलती ट्रेन से गिरने के कारण गंभीर रूप से पूछताछ जख्मी होने से एक युवक ,उम्रझ35 वर्ष,की मृत्यु हो गई मृतक का पहचान भूषण चौधरी का पुत्र गोलू कुमार उम्र 23 वर्ष ग्राम अक्लूचक पोस्ट जमसौत थाना शाहपुर जिला पटना के रूप में हुआ है जीआरपी थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया की शव की पहचान हो गई है।शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल में भेज दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजन को सौंप दिया जाए।

### आईडीपी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

दानापुर खगौल गाड़ी खाना स्थिति इंडियन बैंक शीट, डब्लूपीसी पैनल और पीवीसी पैनल का सीना के कार्यालय आर के सुपर स्टार का शनिवार को उद्घाटन किया गया उदघाटन विहार भूमि न्यायाधिकरण के सदस्य और न्यायाधीश अगरेन्द्र पत्ति त्रिपाठी व एसएसबी के उप कमांडेंट गौतम सागर ने किया गया विभूरिस्टर राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस प्रोडक्ट का हर प्रकार डिसीन्यूटरशीप और नीलरशीप की नियुक्ति की जायेगी। जो इस बिजनेश कर अपनी आमदनी बढ़ाना चाहते हैं उन्होंने कहा कि इस प्रोडक्ट का डिस्ट्रीब्यूटरशीप और डीलरशीप लेकर लाखों की कमाई की जा सकती है। फिलहाल यह प्रोडक्ट बिहार में ट्रेडिंग कर रहा है। कोई भी व्यक्ति अगर इस प्रोडक्ट के धंधे में लाखों की लेकर बिजनेस स्टार्ट करते हैं तो उनका फ्यूचर ब्राइट होने कमाई है। आज के तकनीकी युग में ये पैनल सीलन की वजह से इंटीरियर के आकर्षण को कम होने से बचाने का बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार बिहार में पटना के दानापुर में आर के सुपर स्टार ने पॉली ग्रेनाइट शीट. यूवी मार्बल शीट डब्लूपीसी पैनल और पीवीसी पैनल सीएनएफ कार्यालय खोला है। जहां सस्ता के साथ टिकाऊ और कम खर्चे पर यह प्रोडक्ट उपलब्ध है।

### राज्य सभा सांसद मीसा भारती आचार संहिता उल्लंघन के मामले में जमानत मिली

दानापुर। पाटलिपुत्र सांसद प्रत्याशी मीसा भारती को आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले मे जमानत के लिए दानापुर व्यवहार न्यायालय पहुंची। व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया कुमारी के न्यायालय में शनिवार को मीसा भारती पर चल रहे आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में जमानत के लिए उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मनेर थाना कांड संख्या 216/19 में लोकसभा चुनाव के दौरान बीस पच्चीस गाड़ियों के साथ रोड शो करने का आरोप लगाया गया था। जिसमें सांसद मीसा भारती नियमित जमानत के लिए न्यायधीश के समक्ष पेश हुई। जहां अपना पक्ष को रखा गया। जिसके बाद न्यायधीश ने दस हजार मुचलका पर उन्हे जमानत दे दी। पेशी के बाद बाहर निकली सांसद मीसा भारती ने कहा कि महागठबंधन बिहार की सभी चालीस सीटें जीतेगी। प्रधानमंत्री मोदी का आजतक एक भी घोषना पुरा नहीं हुआ। उधर न्यायालय में सांसद के आने की सूचना पर पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश राय, केडी यादव, बिजय यादव समेत कार्यकर्ता पहुंचे।

### म्हारो रंगीलो राजस्थान 7 को

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की पटना सिटी शाखा की बैठक अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी की अध्यक्षता में धर्मशाला गली स्थित खंडेलिया विवाह भवन में हुई। इबमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सात अप्रैल (रविवार) को सनातन धर्म सभा भवन परिसर में राजस्थान की संस्कृति पर आधारित म्हारो रंगीलो राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। सचिव संजीव देवड़ा ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थानी संस्कृति एवं वेशभूषा के साथ जितेंद्र जैन द्वारा रंगारंग राजस्थानी कार्यक्रम की प्रस्तुति, फ्री मेहंदी, मनोरंजन, खेल, राजस्थानी व्यंजन, ऊंट की सवारी के साथ बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल होजी आदि होगा।

# त्योहारों व चुनाव में रहेगी सुरक्षा, थानाध्यक्षों को सिटी एसपी ने सौंपा टास्क

## 11 से 19 तक बल की रहेगी तैनाती, थानावार एसआई की बीट व जिम्मेदारी, एक माह में 325 गिरफ्तारी में 167 एक्साइज में

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी भारत सोनी ने थानाध्यक्षों के साथ शनिवार को बैठक की। इस दौरान थानाध्यक्षों को अप्रैल माह में पड़ने वाले ईद, रामनवमी, चैती छठ व नवरात्रि को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने व इसके लिए कार्य करने का निर्देश दिया। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वो अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाएं। चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में इसका अनुपालन करते हुए त्योहार मनाया जाए। सिटी एसपी ने बताया कि रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने वाले पांच अप्रैल तक आवेदन लाइसेंस के लिए करें। इसके बाद लाइसेंस के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। शोभायात्रा के लिए लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। इसके लिए एएसपी शरथ आरएस और डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार को दायित्व सौंपा गया है। अपराध नियंत्रण के लिए




विशेष छापेमारी अभियान शनिवार की रात से शुरू किया जाएगा। चुनाव और त्योहार के दौरान विशेष पुलिस बल की तैनाती के लिए स्थल चिह्नित करने का दायित्व थानाध्यक्षों को सौंपा गया है। डीजे वालों के साथ भी मीटिंग की गई है उन्हें बताया गया है कि आचार संहिता लागू हो गया है और वह सब चुनाव आयोग के आदेश पर ही काम करते हैं यदि कोई विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो डिग्री वालों पर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल लाइसेंसी आर्म्स की जांच चल रही है चैत्र नवरात्र पर भी प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने और विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकालने वालों के साथ भी बैठक की जाएगी हर थाना अस्तर पर पटना सिटी में चार-पंच बीट बनाया गया है हर बीट की जिम्मेवारी सी रैंक के पदाधिकारी को दी गई है उनके बीच में शराब या अन्य घटना होने पर संबंधित थाना के शो के साथ संबंधित बीट ऑफीसर भी जिम्मेदार होंगे उन्हें प्रतिदिन चार-पांच घंटे अपने बीट वाले एरिया में देना होगा घटना होने पर अनुसंधान और उतवेदन की जिम्मेवारी भी उनकी ही होगी शराब पीने और बेचने वालों की घटना न्यूसेंस होने पर कार्रवाई अपराधियों पर कार्रवाई बीट सिस्टम को भी ठीक करेंगे पूर्व से चल रहे पुलिस चौकी को भी मजबूत किया जाएगा जिन शरण अवस्था को धीरे-धीरे जिन्होंने धार किया जाएगा और वहां पुलिस ऑफीसरों को रहने लायक भी बनाया हुआ जाएगा फिलहाल चौक थाना परिसर में एसडीपीओ ऑफिस निर्माण का काम जारी है अब वह वही शिफ्ट कर जाएंगे और काम करेंगे फिलहाल जिला में सब केवल तैनात है अभी से ही चिन्हित संवेदनशील स्थान को फिर से 2 अप्रैल को मीटिंग में उसे पर चर्चा की जाएगी बालों की प्रति नियुक्ति 11 से 19 अप्रैल तक की जाएगी। बैठक में एएसपी शरथ आरएस और डीएसपी-2 गौरव कुमार के साथ संबंधित थाना के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

# गबर धिचोर नाटक का मंचन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल में आयोजित 12 वें नाट्य रंगोत्सव के दूसरे दिन मंथन कला परिषद के कलाकारों ने गबरघिचोर का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकरो ने इसकी जीवंत प्रस्तुति से दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया। रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्देशित इस नाटक के माध्यम से भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर ने एक स्त्री के अधिकार न्याय पाने के लिए उसके संघर्ष को निरूपित किया है, जो पुरुष प्रधान समाज के लिए अभिनव उदाहरण है। इस संगीतमय प्रस्तुति को मंच पर जीवंत बनाने में कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर कलाकारों में पंच के रूप में हौबिन्स कुमार, गलीज बहू के रूप में अंजलि शर्मा, गलीज के रूप में सोनू कुमार, गड़बड़ी के रूप में रोहन राज, घीचोर के रूप में विवेक राज और जल्लाद के रूप में दीनानाथ गोस्वामी अपने अभिनय से दर्शको बांधे रखा।


प्रस्तुति की नेपथ्यकर्मियों में अमन कुमार, प्रशांत कुमार, रजनीकांत, कुमारी शिखा, पूजा कुमारी आदि ने कोरस के रूप में एवं श्यामाकांत के गीत संगीत तथा रंजीत दास ने दिया। संस्था के महासचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को महोत्सव के आखिरी दिन प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक 'ट्रिक' एवं प्रबोध जोशी लिखित नाटक 'पागल' का मंचन किया जायेगा।

# तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों से हरबंश को तनखैया करने को सौंपा पत्र

## तत्कालीन जत्थेदार के पक्ष में 7 मई, 23 को पत्र जारी किए जाने का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर की पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार जानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन के पक्ष में 7 मई, 2023 को कमेटी के सचिव ने पत्र लिखा था। इसी पत्र को आधार बनाते हुए स्थानीय संगतों ने तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार एवं पंज प्यारे सिंह साहिबान को पत्र भेजा है। इसमें कमेटी के सचिव हरबंश सिंह पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तनखैया घोषित करते हुए पंथ छेकने एवं प्रबंधक कमेटी से हटाने के लिए हुकुमनामा जारी करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि सचिव हरबंश सिंह के द्वारा लगातार पंज प्यारे सिंह साहिबान के आदेश एवं हुकुमनमा का उल्लंघन किया जा रहा है। वह अपने पद का गलत एवं असंवैधानिक उपयोग कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण उनके द्वारा पंज प्यारे के हुकुमनामा का उल्लंघन करते हुए ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन को दोषी मानते हुए पंज प्यारे सिंह साहिबान द्वारा तनखैया



घोषित करते हुए उन्हें पंथ छेका गया था। मगर सचिव के द्वारा उनके समर्थन में अपने हस्ताक्षर से पत्र जारी करके यह दशार्या गया कि वह पंज प्यारे के हुकुमनामा, मान-सम्मान एवं गुरु घर की मयार्दा से कोई मतलब नहीं है। ऐसे में उन्हें सिख पंथ में रहने एवं प्रबंधक कमेटी में रहने का भी अधिकार नहीं है। इसके पूर्व भी सचिव पर पंज प्यारे के आदेश का उल्लंघन करने एवं गुरु घर के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने के दोष में तनखैया घोषित किया जा चुका था। तब उसके बाद उनके द्वारा लिखित रूप से क्षमा मांगने और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने का लिखित शपथ पत्र देने के बाद उन्हें माफी प्रदान की गई थी, मगर इसके बाद फिर एक बार उन्होंने एक पत्र जारी कर गलती की है। पत्र में राजेश सिंह अकाली, दया सिंह, अमरजीत सिंह, सोहन सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

**क्या है जारी पत्र में:** सात मई, 2023 को प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सचिव हरबंश सिंह के द्वारा एक पत्र जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कमेटी के अध्यक्ष रहे (अब स्व) अवतार सिंह हित अगस्त, 2022 से डॉ गुरविंदर सिंह सामरा के द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण आपको सेवा करने से रोक दिया गया था। उन्हें कहा गया था कि दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश आरएस सोढ़ी के नेतृत्व में उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस रिपोर्ट के आने के बाद आपकी सेवा नियमित करने के बारे में विचार किया जाएगा। श्री सोढ़ी के द्वारा सौंपे गए जांच रिपोर्ट आपके पक्ष में आई है और डॉ सामरा के द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए गए। इस कारण से अध्यक्ष के द्वारा आपकी सेवा पर लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से समाप्त हो गया है। इसलिए कृपया कर अपना काम पंज प्यारे की सहमति से शुरू करें। तख्त साहिब पर पहले की तरह सेवा आपके द्वारा शुरू की जाएगी। इस संबंध में सचिव हरबंश सिंह से बात किए जाने पर उनका कहना था कि यह पत्र करीब एक साल पुराना है और उस वक्त जब श्री सोढ़ी जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए बार-बार अध्यक्ष जगजोत सिंह से आग्रह कर रहे थे, मगर वह रिपोर्ट स्वीकार नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में उक्त जांच कमेटी के संयोजक चरणजीत सिंह के द्वारा पटना में मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया गया था। इस रिपोर्ट में तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को निर्दोष साबित किया गया। ऐसे में उन्हें न्याय मिलना चाहिए था।

# रंगपंचमी पर बाबा भोले व मां की पूजा कर चढ़ाया गुलाल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। रंग पंचमी को लेकर महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से शनिवार को मालसलामी सिमली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती का विशेष पूजन और श्रृंगार किया गया। शिव भक्तों ने देव होली पर पुष्प वर्षा के बीच अबीर-गुलाल लगा कर समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। इस मौके पर भगवान शिव एवं माता पार्वती की मनोरम झांकियां प्रस्तुत की गई एवं मंदिर में भोले बाबा का फूलों एवं अबीर गुलाल चढ़ाया गया। कार्यक्रम में संयोजक राजेश साह, जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, दिलीप चौधरी, हरेंद्र यादव, टिंकू राउत, मनोज वर्मा, मुकेश अग्रहरि, शाह कमल कृष्ण, सुरेश सिंह पटेल, नैयर इकबाल आदि ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर देव होली मनाया।

# सिटी स्टूडेंट क्रिकेट क्लब की हुई धमाकेदार जीत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में सिटी स्टूडेंट के चंद्रमोहन यादव की घातक गेंदबाजी (17 रन देकर 5 विकेट) और राधे के विस्फोटक बल्लेबाजी (56 गेंद पर 102 रन) से बाईसीसी को 91 रन से हराया। इसमें सिटी स्टूडेंट के गार्जियन व नवशक्ति निकेतन के अध्यक्ष रामाशंकर प्रसाद, सिटी स्टूडेंट की अध्यक्ष सुष्मिता रतन व राहुल कुमार ने सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट ड्रेस देकर सम्मानित किए। इसमें नवशक्ति के महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव एहसान अली अशरफ एवं सिटी स्टूडेंट क्लब के उपाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार (दंत चिकित्सक), पिंकू कुमार, संजीव कुमार सिंह, राजीव रंजन, सरदार बलवंत सिंह, महासचिव चंद्रमोहन यादव, ब्रजेश गोस्वामी, रमाकांत वर्मा, विकास विशाल ने कप्तान सुधांशु प्रभाकर एवं पूरी टीम के लिए आगे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किए। आगे भी पदाधिकारीगण ने क्रिकेट कीट बैग देने का आश्वासन दिए।

# चर्च में ईस्टर, हुआ मिस्सा बलिदान पूजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पादरी की हवेली स्थित महागिरजाघर में रविवार को ईस्टर का त्योहार मनाया जाएगा। शनिवार को भी चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोवो की देखरेख में कैंडल जलाकर ईसाई समुदाय को आशीष दिया गया। इसके बाद जुलूस की शक्ल में लोग चर्च में प्रवेश किए। यहां मिस्सा बलिदान पूजा के साथ बाइबिल का पाठ किया गया। प्रभु के वचन का सात पाठ किया गया। आयोजन में सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग, मिशनरी ऑफ चेरिटी व माता सदा सहायिका की धर्म बहनों के साथ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम्ब्रोस पैट्रिक, अभिषेक पैट्रिक, पूजा एन शर्मा, विक्टर अल्फेंस, जॉर्ज पीटर, साइमन पीटर, कांता अल्फेंस, रिचर्ड रंजन, एडवर्ड अल्फेंस, चार्ल्स अल्फेंस, अग्नेस जेरेमी, अजीता कुजूर, अल्बर्ट माइकल, क्लेटस किस्पोट्टा, रोजमंड जेरेमी, बैसिल लकड़ा, सनी केवी, एंथोनी राज आदि शामिल थे। फादर ने बताया कि रविवार को ईस्टर का त्योहार मनाया जाएगा। इसमें मिस्सा बलिदान के बाद प्रभु के वचन सुनाने व प्रार्थना के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा।

# साधनधाम में शुरू हुआ श्री रामचरित मानस नवाह पारायण महायज्ञ

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

श्री छोटी पटनदेवी के पास स्थित साधन धाम परिसर में दशकों से श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन दर्शन से आमजनों को जोड़ने वाले मानस मर्मज्ञ पंडित राम नरेश शास्त्री की स्मृति में शनिवार से मानस महायज्ञ शुरू हुआ। श्री राम चरित मानस नवाह पारायण यज्ञ



समिति के श्री राजकुमार तिवारी ने बताया कि पंडित कृष्णकांत ओझा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। सात अप्रैल तक चलने वाले इस यज्ञ के प्रथम दिन आचार्य द्वारा जजमान पंकज शुक्ला द्वारा पंच देवता पूजन कर स्व रामनरेश शास्त्री के परम शिष्य एव व्यास कन्हैया लाल मिश्र अपनी व्यास पीठ अयोध्या निवासी पंडित हरिप्रसाद द्विवेदी जी द्वारा नवाह यज्ञ का प्रारंभ किया गया। यज्ञ का उद्घाटन पंडित कृष्णकांत ओझा ने किया। प्रवचनकर्ता अयोध्या निवासी श्रीश्री 108 बालक जी महाराज ने प्रभु वंदना व बाल कांड से प्रवचन की शुरआत की। श्री तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में में अनंत अरोड़ा, मनीष अग्रवाल, मुकेश चतुर्वेदी, अजय तिवारी, सुरेश अरोड़ा, आशु शुक्ला आदि सक्रिय हैं।

# एड्स व नशा से बचाव को कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। अंबेडकर कॉलोनी संदलपुर खादपर में जागृति दक्षता हस्तक्षेप परियोजना के द्वारा सामुदायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एचआईवी, एड्स एवं नशा से बचाव के लिए जानकारियां दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना कुमार राउत और संचालन राहुल कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ज्योति कुमार ने कहा कि एचआईवी और एड्स से जानकारी ही हमें बचाव करेगा। समाजसेवी मुन्ना कुमार राउत ने कहा कि आज भीकल युवा पीढ़ी का नशा में ज्यादा ही दिलचस्पी बढा है। सुलेशन, भांग, गांजा, स्मैक आदि का नशा कर मौत की ओर बढते जा रहे हैं। बिहार सरकार से इस पर गम्भीर होकर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में पंकज कुमार, पूनम कुमार, मृत्युंजय कुमार, कृष्णा यादव, रोहित चौधरी, सुधीर कुमार, पप्पू गोप, विजय यादव, मो जावेद, अनुराग कुमार, सूरज कुमार, गुरुपति राम, निगुरा राम आदि उपस्थित रहे।

# नाला का पानी कोर्ट परिसर में बहने से परेशानी

## अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने पार्षद श्वेता व किरण से की शिकायत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी व्यवहार न्यायालय परिसर के पूरब और उत्तर छोर से परिसर के अंदर नाला का गंदा पानी बह रहा था। परिसर के अंदर बने अधिवक्ताओं के झोपड़ीनुमा कक्ष में यह पानी बहते हुए रास्ते पर जा रहा था। इससे अधिवक्ता, उनके मुंशी से लेकर मुवक्किलों को आने-जाने में खासा परेशानी हो रही थी। यही नहीं, उक्त गंदा पानी के दुर्गंध से वहां पर बैठकर प्रेक्टिस करना भी अधिवक्ताओं के लिए मुश्किल हो रहा था। इसके बाद पटना सिटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इस संबंध में महापौर सीता साहू के प्रतिनिधि शिशिर कुमार और वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी से बात कर समस्या के निराकरण की बात कही। वहीं अन्य अधिवक्ताओं ने वार्ड 53 की पार्षद किरण मेहता को भी कॉल कर स्थिति से अवगत कराया। दरअसल जिस ओर से परिसर में नाला का गंदा पानी आ रहा था, वह वार्ड 53 और वार्ड 58 का सीमा पड़ता है। हालांकि अपराह्न तक बह रहे गंदे पानी के बहने को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया था। हालांकि वार्ड 58 की ओर से कुछ सफाईकर्मी जरूर पहुंचे थे, मगर परिसर के बाहर से नाला जाम होने के कारण परिसर के अंदर वह पानी आ रहा था।

# बिहार के राज्यपाल से मिली नारी सुरक्षा सेना अध्यक्ष

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ से नारी सुरक्षा सेना अध्यक्ष रीता सिंह ने मुलाकात कर अनुरोध की है कि नारी, विधवा और बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार और अत्याचार से पीड़ित लोगों की सहायता करने में नारी सुरक्षा सेना को आपकी सहयोग की आवश्यकता है। आपकी सहयोग मिलने पर हमारी संस्था जिसका उद्देश्य की पूर्ति में गति मिलेगी। हमारी संस्था पीड़ित महिलाओं के साथ होने वाली विभिन्न समस्याओं का सामना करने में उन्हें आवश्यक संसाधनों, समर्थन और सशक्तिकरण प्रदान करती है ताकि वे सुरक्षित और सही तरीका से पूर्ण जीवन जी सके। रीता सिंह ने



बताया कि हमारी संस्था जागरूकता अभियान, शैक्षणिक कार्यशाला, व्यापारिक परीक्षण और महिलाओं के अधिकारों के पक्ष में प्रचार -प्रसार के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता करने और समर्थन देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिला अपनी अधिकार और कर्तव्य से बिल्कुल अंजान/अनभिज्ञ रहती है और शोषित होती रहती है, ऐसे में हमारी संस्था उन्हें मदद करती है और उन्हें दिशा निर्देश देकर उनकी जीवन को नई आशा प्रदान करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि बिहार के राज्यपाल से मिलकर महिलाओं के लिए घर की व्यवस्था पर भी चर्चा की। साथ ही साथ नारी हेल्प लाइन पटना के सुरक्षित नहीं रहने की बात उदाहरण स्वरूप महिला हेल्प लाइन की संरक्षक प्रमिला कुमारी द्वारा महिलाओं पर 18 सालों से जुल्म, उन पर एफ आई आर नही होना आदि बिन्दुओं पर चर्चा की।

### मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से चलाया गया

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संपूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के तारीखों की सोलह मार्च को घोषणा के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व का आगाज हो चुका है। पटना जिला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना के नेतृत्व में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान वृहद रूप से चलाया जा रहा है। जिला में मतदान प्रतिशत को राष्ट्रीय औसत के अनुरूप (67.5 प्रतिशत) करने हेतु नॉक ड डोर (ड्ल्लड्ड्र -ड्डी-ऊड्ढड्ढ१) अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नगर निकायों, कल्याण विभाग, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग सहित सभी स्तरों-वार्ड, पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल, ज़िला- के कर्मी एवं अधिकारी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

# माध्यमिक शिक्षण के जलवा बरकरार मेधावी इंटर विद्यार्थी को मिला सम्मान

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज दुल्हिन बाजार-इंटर बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 23 मार्च को जारी होने के बाद,मेधावी छात्रों का सम्मान मिलने का सिल-सिला जारी है,इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षण संस्थान में 30 अप्रैल दिन शनिवार को,रखे गए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मेधावी विद्यार्थियों के लिए किया गया,संस्थान के डाइरेक्टर बिहार श्री रत्न गणित गुरु संजीत कुमार शिक्षक के अध्यक्षता में छात्र-छात्रायों को बेहतर परिणाम पर संस्थान के सचिव अंगद कुमार शिक्षक के द्वारा छात्रों का सम्मान दिया गया,बताया गया की इस संस्थान में प्रत्येक वर्ष विद्यार्थी जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक बेहतर परिणाम पाते रहे है,इस वर्ष के हुये रिजल्ट में संस्थान टॉपर हिमांशु कुमार जो की बोर्ड परीक्षा में,इंटर संकाय विज्ञान से 456 अंक प्राप्त करके संस्थान टॉपर रहे,इसके साथ ही इन्होने गणित विषय में सौ में



सौ अंक प्राप्त किये है,दूसरे स्थान पर रही छात्रा जाफरीन नौशर जो की बोर्ड परीक्षा में 438 नंबर प्राप्त की है,तीसरे स्थान पर सौरभ राज और राजेश कुमार इन दोनों छात्रों ने 437 अंक प्राप्त किये है,जिन्हें मिठाई से मुंह मीठा कराते हुये कप,मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयो संस्थान के प्रिंसिपल सतीश कुमार शिक्षक से पूछे जाने पर बताया की,मैट्रिक रिजल्ट के प्रकाशन होने के बाद एवं लोकसभा के चुनाव को देखते,चुनाव बाद भव्य कार्यक्रम रख कर,मैट्रिक-इंटर दोनों में,मेधा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया जायेगा,वैसे टोटल अब-तक अस्सी प्रतिशत प्राप्त करने वाले,इनमें से 32 छात्र-छात्रायों को पुरुस्कृत किया गया,जिनका नाम इस प्रकार है अंशु कुमारी 432,विकाश कुमार 432,सुधांशु कुमार 424,अमित कुमार 424,अमन कुमार 422,रवि कुमार 422,सुनीता कुमारी 420,गौतम कुमार417,पूजा कुमारी वर्मा 416,रंजू कुमारी415,टिंकू कुमार 415, रितेश कुमार 412,मितन कुमार408,नौशाबा प्रवीण407,सलोनी कुमारी407,तनु कुमारी 406,अंशु कुमार 406,नीतीश कुमार,समीर आलम और अनु कुमारी 404,टीपू राज 403,रिजवाना प्रवीण 402,साबरिन नेयाज और राजीव कुमार 401,सौरभ पाठक 400,संगीता कुमारी और ज्योति कुमारी 398,खुशी और काजल कुमारी 397 एवं अन्य छात्र-छात्राए जो अस्सी परसेंट से ऊपर अंक प्राप्त किये है इन सभी को परिणाम प्रकाशित होने के बाद पुरुस्कृत किया गया है आजे इस अवसर पर संस्थान प्रबंधक विनय कुमार, शिक्षक नीरज सिंह,शारदा वर्मा,विकाश मिश्रा,शिक्षिका मीरा कुमारी,सोनी कुमारी,निकिता कुमारी तथा शिल्पा कुमारी उपस्थिति रही।

# अरविंद महिला कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात :किरण संवाददाता

- लोकतंत्र में जनता मालिक, हर वोट है कीमती : नीतू नवगीत

पटना। अरविंद महिला कॉलेज में पटना जिला स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना ठाकुर, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शिवनारायण तथा पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में स्वीप टीम के सदस्यों ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य साधना ठाकुर ने सभी उपस्थित बालिकाओं से कहा कि लोकसभा चुनाव के दिन जरूर से मतदान करें। मतदान से न सिर्फ सरकार बनती है बल्कि इसी से देश का भविष्य भी संवरता है।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में जरूर से मतदान करने की शपथ दिलाते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। 18वीं लोकसभा के चुनाव में नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले हैं। नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि पहले से सूचीबद्ध मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग तो करें ही, मतदाता सूची में पहली बार नाम दर्ज करने वाले युवा मतदान जरूर करें। वोट की हिम्मत है, वोट ही ताकत है। मतदाताओं द्वारा किया गया प्रत्येक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है जो बाद में राष्ट्र की मजबूती में परिणत होता है। इसलिए अपने मत की अहमियत को जानें और चुनाव के दिन जरूर मतदान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राधानाध्यापिका को पुलिस ने विद्यालय से किया गिरफ्तार

कुशेश्वरस्थान प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर के प्रधानाध्यापिका पम्मी चौधरी को पुलिस ने शनिवार को विद्यालय से गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार प्रधानाध्यापिका सुल्तानपुर गांव में हुए हत्या मामले में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 148/18 के नामजद अभियुक्त है। वह लंबे समय से फरार चल रही थी। उनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार प्रधानाध्यापिका थाना क्षेत्र के ही सुलतानपुर गांव निवासी रामलोचन चौधरी की पुत्री हैं गिरफ्तारी का बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दुकान में चोरी करते रंगे हाथ गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के शरफुद्दीनपुर बजार स्थित एक फर्नीचर दुकान में चोरी करते लोगों ने रंगे हाथ एक चोर को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी की गई 17 हजार रुपए बरामद किए गया है।इसके बाद लोगों ने उस बांधकर पिटाई कर दी। गिरफ्तार हुए चोर की पहचान सकरा थाना क्षेत्र के कोरीगामा गांव के विपुल कुमार बताया गया है। वहीं मौके पर पहुंची बोचहां थाना की पुलिस ने उसे पकड़ ली है। फर्नीचर दुकानदार अविनाश कुमार ने बताया कि वे दुकान खुला छोड़ कर बगल की एक दुकान पर चले गए थे। इसी बिच दो तीन लड़का दुकान में घुस गया। और गल्ले में रखे 17 हजार रुपए चुराकर भगाने लगा। इसी बिच स्थानीय लोगो ने एक को पकड़ लिया जबकि दो ने भागने में सफल रहे। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए चोर नाबालिक है उससे पूछताछ की जा रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### किशोरी का अपहरण

मुजफ्फरपुर। जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीया किशोरी का अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर अपहृता के परीजनों ने थाने में आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है कि शुक्रवार की शाम किशोरी शौच के लिए निकली थी। काफी देर तक नहीं लौटने पर खोजबीन किया गया। जिसमें में पता चला कि शादी की नीयत से उसका अपहरण किया गया है। इस मामले में गांव के ही एक युवक को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया की पुलिस आवेदन के आधार पर लड़की को खोजबीन शुरू कर दिया गया है।

### प्रधानाध्यापक को हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। पंचायत समिति भवन के सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी स्कूल के प्रधानाध्यापकों की बैठक शनिवार को बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीडीओ देवेंद्र कुमार ने किया। वहीं बैठक में उन्होंने मतदान केंद्र में संशोधन मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधा पर समीक्षा किया गया। साथ ही जिस मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधा का अभाव हो वहां अविलंब ही मूलभूत सुविधा उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। मौके पर योगेश्वर राय, लोकेश नाथ, फिरोज अनवर, प्रभु राम सहित अन्यथा प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोरमार गांव से मो. मुख्तार, रामानंद सहनी एवं श्रीनाथ पारण गांव से एक महिला को गिरफ्तार किया है। सभी शराब मामले में नामजद आरोपी थे। वहीं थाना अध्यक्ष देवय ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आगे के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

### विभूतिपुर में न्यायालय वारंटी समेत 6 गिरफ्तार, जेल

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरसहिया गांव निवासी उत्पाद अधिनियम के न्यायालय वारंटी अशोक कुमार महतो, थाना दैनिकी प्रविष्टी के अभियुक्त बेलसंडीतारा वार्ड 8 निवासी अजय कुमार राय, एक कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त महमदपुर सकड़ा वार्ड 10 निवासी अजित कुमार उर्फ लादी उर्फ गोविंद कुमार राय, अन्य कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सिंघियाघाट टोला भिड़ी निवासी रामनाथ पासवान, विश्वनाथ पासवान उर्फ फूलचंद पासवान और सोनू पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने दी। बताया कि सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जमीन के लिए युवक की गला घोंटकर हत्या, आक्रोशितों ने आरोपियों के घर के सामने शव रखकर किया हंगामा

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाने के लखनीपुर महेशपट्टी गांव में डेढ़ कट्ठा जमीन विवाद में शनिवार को एक युवक की पीट-पीटकर और गला घोंट कर हत्या कर दी। जबकि परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की गई। मृतक की पहचान गांव के राजेंद्र महतो के पुत्र रामलाल महतो 45 वर्ष के रूप में की गई है। सुबह मौत की जानकारी इलाके में फैली तो बड़ी संख्या में लोगों ने मृतक का शव आरोपी के घर पर रख दिया और बबाल मचाया। घर में तोड़फोड़ भी की गई। हालांकि इस दौरान आरोपी घर से फरार हो गए। सूचना देने के काफी देर बाद पहुंची पुलिस को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। बाद में दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। आक्रोशित लोग इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। घटना के संबंध में मृतक के राजेश कुमार ने बताया कि उनका भाई रामलाल महतो जिस जमीन पर परिवार के साथ रहते हैं वह जमीन उनकी खतियानी है। लेकिन गांव के ही सूरज महतो उस जमीन का कब्जा करना चाहते हैं। दो दिन पूर्व उक्त जमीन पर सूरज और उनके लोगों के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया। तो उनके परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया था। इस दौरान मारपीट की घटना हो गई। जिसके बाद सूरज ने थाने में केस कर दिया। केस होने के साथ पुलिस इन लोगों को खोजने लगी। पुलिस के डर से ये लोग भागने लगे। राजेश ने बताया कि उनके भाई रामलाल महतो, उनकी भाभी व परिवार के लोग घर पर ही थे। इसी दौरान सूरज के साथ उसका जीजा, बहन आदि 15-20 लोगों ने इनके घर पर हमला बोल दिया। पीटपीट कर व गला घोंट कर इनके भाई की हत्या कर दी। जबकि विकलांग भाई अंजेश को दीवार से टकरा दिया। भाभी व भतीजा के साथ भी मारपीट की। परिवार से आये फोन के आधार वह घर लौटे। पुलिस को सूचना सुबह में ही दी लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। वहीं दलसिंहसराय डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि पटिदारों के बीच जमीन विवाद को लेकर दो दिन पूर्व मारपीट की घटना हुई थी। शनिवार रात भी मारपीट का आरोप लगाया जा रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। सूचना मिल रही है कि मृतक बीमार भी चल रहा था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। ताकि मौत का सही कारण स्पष्ट हो सके।

# गोबरौरा चौक पर कोसी ड्रेन चैनल नहर कार्य शुरू

**प्रात: किरण संवाददाता**



मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के गोबरौरा चौक से सटे उत्तर दिशा में मुख्य कोसी नहर के बगल में जल संसाधन कार्य प्रमंडल विभाग खजौली द्वारा मरुकिया गांव, गोबरौरा, भकुआ, खैरवाना सहित अन्य गांव की हजारों एकड़ जमीन में बरसाती जल जमाव से मुक्त को लेकर 3 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से विभाग द्वारा 2350 फीट लंम्बाई ड्रेन चैनल नहर कार्य जेइ रंजीत कुमार के देख रेख में युद्ध स्तर पर शुरू की गयी है. जल संसाधन विभाग के जेई रंजीत कुमार ने बताया कि मरुकिया ,खैरवाना, गोबरौरा, भकुआ सहित अन्य गांव में बरसात समय मे हजारो एकड़ जमीन में बरसाती पानी का जल जमाव उत्तपन्न होने से किसानों की उपज वाली जमीन में कोई फसल उपज नही होने से किसान को जमीन रहते हुए भी किसान कंगाली कि कगार पर पहुँच गयी है.जेइ ने कहा कि यह ड्रेन चैनल नहर पीसीसी ढलाई युक्त मानक के अनुरूप गुणवक्ता पूर्ण कार्य युद्ध स्तर की जा रही है.वही जल संसाधन कार्य प्रमंडल विभाग के एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि यह ड्रेन चैनल नहर की निर्माण कार्य 17 जून 024 से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर ली जाएगी.वही तारा कांस्टेनशन दरभंगा के संवेदक गोपाल मंडल ने कहा कि ड्रेन चैनल नहर की निर्माण में दर्जनों मजदूरों को लगाकर रात,दिन लगातार युद्ध स्तर पर कार्य को पूर्ण कर विभाग के आदेशानुसार निर्धारित तिथि तक गुणवक्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूरा करने की बात बताया गया. इस ड्रेन चैनल नहर की निर्माण शरू होने से मरुकिया, खैरवाना, गोबरौरा के ग्रामीण अशोक कुमार यादव, राघवेंद्र पंडित, बिजली कांत झा, पंसस मनोज झा, राम विनय यादव,जिनिश यादव, नवीन कुमार चौधरी, पवन कुमार चौधरी,पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण ने हर्ष व्यक्त की है।

# एक महीने बीतने के बाद भी रिलायंस ज्वेल्स डकैती कांड का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

समस्तीपुर शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स शो रुम में हुए भीषण लूटकांड के एक महीना पूरा होने के बावजूद पुलिस अब तक खाली हाथ है। इससे पुलिसिया कार्रवाई के नाम पर ठन-ठन गोपाल वाली कहावत साबित हो रही है। हालांकि लूट में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिए जांच में जुटी पुलिस बिहार, झारखंड, बंगाल सहित अन्य राज्यों के अलावे नेपाल तक छापेमारी कर चुकी है। इसके बावजूद पुलिस के हाथ अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। जबकि घटना के दूसरे दिन से ही पुलिस के आला अधिकारी गिरोह की पहचान होने व जल्द गिरफ्तार करने का का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि घटना के एक महीने के बाद भी किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। इससे पुलिस के लिए लूटकांड का खुलासा करना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। एक महीना के बाद भी इस मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली होने से पुलिस की कार्यप्रणाली के साथ-साथ ही पुलिस के विभिन्न सूचना तंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। वर्षों पुरानी मुखबीर व्यवस्था के अलावे कई हाईटेक सुविधा के बावजूद पुलिस अब तक अंधेरे में ही तीन चला रही है। लेकिन एक भी निशाना अब तक लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका है। रिलायंस शोरुम से करोड़ों के ज्वेलरी लूट कांड ने समस्तीपुर से पुलिस मुख्यालय तक के वरीय अधिकारियों की नींद उड़ा दी थी। इसके बाद आसपास के जिलों में छापेमारी की गयी। बेऊर जेल से लेकर कई जिलों के जेलों में बंद हिस्ट्रीशीटरों के अलावे कुख्यातों से पूछताछ की गयी। यहां तक कि सोना लूट सहित अन्य लूटकांड में जेल से बाहर आए हिस्ट्रीशीटरों को भी उठाया गया। कई दिनों तक हिरासत में रखकर पूछताछ की गयी। बावजूद पुलिस को निराशा ही हाथ लगी। ज्वेलरी लूट मामले में कई अपराधियों का चेहरा स्पष्ट कैद हो गया है। शोरुम में घुसे आठ हथियारबंद बदमाशों में से पांच बदमाशों ने अपना चेहरा खोल रखा था। जिसके कारण उनका चेहरा स्पष्ट दिख रहा है। इसके अलावे मोहनपुर रोड के दर्जनों स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। लेकिन इन अपराधियों की पहचान एवं उसके छिपने का लोकेशन का पता आज तक नहीं चल पायी। शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस शो रुम में 28 फरवरी की शाम आठ हथियारबंद बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। शोरुम का शटर गिरने के दौरान ही अंगूठी लेने के बहाने बारी-बारी आठ अपराधी दुकान में घुसने के बाद पिस्टल के बल पर दो ग्राहकों सहित सभी कर्मियों को बंधक बना करोड़ों का जेवरात लूट लिया था। घटना के बाद सभी अपराधी बाइक से मुसरीघरारी की ओर फरार हो गये।

# कक्षा पाचवी व आठवीं के छात्र छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम आज घोषित किया गया



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विभागीय निर्देश के आलोक में प्रारम्भिक विद्यालय के कक्षा पाचवीं व आठवीं के छात्र छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम आज घोषित किया गया. उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंता ककरघट्टी में परिणाम घोषित करते हुए प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा पाचवीं में परीक्षा में सम्मिलित चौबीस छात्र छात्राओं में पॉच ने ए ग्रेड ग्यारह ने बी ग्रेड व आठ ने सी ग्रेड प्राप्त किया. वहीं कक्षा आठवीं में परीक्षा में सम्मिलित एक सौ आठ छात्र छात्राओं में बारह ने ए ग्रेड बियालिस ने बी ग्रेड व शेष ने सी ग्रेड प्राप्त किया. उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को प्रगति पत्रक के साथ -साथ मूल्यंकित कॉपियों को उनके अभिभावक की उपस्थिति में उन्हें सौंपा गया.सभी बच्चे परीक्षा परिणाम पाकर काफी उत्साहित थे. विभागीय निर्देश के अनुसार कक्षा आठवीं के सभी सफल छात्र छात्राएं अब अपने गृह पंचायत के ही माध्यमिक विद्यालय में नामांकित होंगे. मौके पर विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार, अर्जुन दास, दुर्गी कुमारी, सुनीता देवी, मो.कमालुद्दीन, संतोष कुमार, निशि कुमारी, सकलदीप पाण्डेय , मो.तनवीर व मो.महफूज मौजूद थे।

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए खेलकूद बेहद जरूरी

**प्रात: किरण संवाददाता**

दरभंगा बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए खेलकूद बेहद जरूरी है। इससे शारीरिक और मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है। ये बातें डा प्रभात दास फाउण्डेशन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के दौरान एचएम सुधीर सिंह ने कही। उन्होंने म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और बताया कि खेल से प्रतिस्पर्धा की भावना उभरती है। जो आगे चल प्रतियोगिता परीक्षाओं में सहायक बनता है। इसे पूर्व म्यूजिकल चेयर रेस में पहली कक्षा से पांचवीं तक के कुल 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से पांचवीं के गंभीर कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि चौथी की सुहानी कुमारी एवं तीसरी कक्षा के अमित कुमार को दूसरे व तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं आसी कुमारी, नंदनी कुमारी, राधिका कुमारी, निशा कुमारी, मणिशंकर कुमार, साक्षी कुमारी, हिमांशु कुमार,करण कुमार, ओम कुमार, प्रिया कुमारी, निशांत कुमार, अन्नया कुमारी एवं शिवशंकर कुमार सहित कुल 16 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक के तौर शिक्षिका पुष्पा कुमारी एवं बेबी कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह ने किया।

# रैली निकाल कर मतदान के लिए किया प्रेरित



**प्रात: किरण संवाददाता**

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड कार्यालय में जीविका दीदी, आशा, ममता, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, बीएलओ, शिक्षक तथा प्रखंड के विभिन्न कर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली को प्रखंड कार्यालय से दलसिंहसराय डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान एवं संजीव कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली प्रखंड से निकल कर ब्लॉक चौक होते हुए निकटवर्ती गांव का भ्रमण कर पुनः प्रखंड कार्यालय पहुंचा। रैली में भाग ले रहे लोगो के हाथ में मतदान हेतु जागरूक करने के लिए स्लोग्न युक्त पोस्टर थे। नारा लगाते हुए वे लोग क्षेत्र में भ्रमण किया। मौके पर बीएलओ, शिक्षक, कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार एवं उनके सहकर्मी, अंचलाधिकारी, प्रखंड के सभी कर्मी तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# कंटेनर-ऑटो टक्कड में 8 स्कूली बच्चें जख्मी

**प्रात: किरण संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर-शिवहर स्टेट हाईवे पर करचौलिया के पास कंटेनर ने आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो सवार आठ स्कूली बच्चे जख्मी हो गए। घायल बच्चों में एक को छोड़कर सभी को एसकेएमसीएच भेजा गया। वहीं, मौके से ग्रामीणों ने आटो व कंटेनर के चालक को पकड़ लिया। बताते हैं कि सुबह करीब पौने नौ बजे आटो आठ छात्र-छात्राओं को लेकर सुरजन पकड़ी गांव से करचौलिया की ओर आ रहा था। वही कंटेनर शिवहर की ओर से आ रहा था। करचौलिया के पास ही तेज रफ्तार कंटेनर ने आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो सवार सभी बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना में किड्स प्रेप पब्लिक स्कूल के सिवाईपट्टी के द्वितीय वर्ग के सोनु कुमार 09 के हाथ की व करचौलिया गांव के रौशन कुमार (08) के पैर की हड्डी टूट गई। रौशन कुमार का इलाज सिवाईपट्टी के निजी अस्पताल मे चल रहा है। वहीं एलकेजी के सिंघम (06), एलकेजी के शिवम (08), एलकेजी की सोनाली कुमारी (07), सोनी कुमारी (08), नर्सरी के सन्नी कुमार (05) व नर्सरी की आंचल कुमारी (06) जख्मी हो गईं। सभी को घटनास्थल से सीधे एसकेएमसीएच भेजा गया है। सिवाईपट्टी थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर जमादार लव कुमार को भेजा गया था। घटनास्थल से आटो चालक सगहरी गांव के कमलेश राम व कंटेनर के चालक मधुआहा गांव के राम आधार राय को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के स्वजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन अस्पताल ले गए।

# अपनी स्व सासु माता की याद में स्कूली बच्चों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए दामाद ने लगाया 16 छत पंखा

**प्रात: किरण संवाददाता**



मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय मलंगिया में एक दाता ने 16पंखा लगा दिया। इस संदर्भ में दाता ओमवीर शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मेरी स्वर्गवासी सासु माता राजकीय कृत मध्य विद्यालय मलंगिया में रसोईया का काम करती थी जिनकी कार्यकाल में ही देहांत हो गया था।दूसरी बात यह है की मुझे जानकारी मिला की स्कूल के किसी कक्षा में पंखा नही लगा है जिससे गर्मी महीने में बच्चे को पठन पाठन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जब मैं विद्यालय पहुंच कर देख मुझे लगा कि सही में गर्मी महीने में बच्चे को काफी दिक्कत होता होगा। और मैने 16 छत पंखा लाकर स्कूल के प्रधानाध्यापक से बात कर मैं अपनी सास स्व0चंद्रकाला देवी के याद में दान कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कासी नारायण मिश्रा ने बताया कि स्कूल में ज्यादा से ज्यादा विकास हो क्योंकि यहां पर गरीब तबके के बच्चे पढ़ते है और सरकार के पास अभी तक उतना संसाधन नही है।इसलिए हम इस प्रकार के दाता को कहना चाहता हु की आप भी अपना अपना सहयोग कर स्कूल के साथ बच्चों का विकास में मदद करे।उस तरह के दाता को धन्यवाद देते हैं और प्रार्थना करते है की उनके पूरे परिवार फले फूले और अच्छे कार्यों में सहयोग करते रहे। उन्होंने कहा कि धर्मशास्त्र भी कहता है की संपति का तीन ही गति है दानव,भोगम,नासम यदि आपके पास संपत्ति है तो जितना संभव हो सके तो दान कीजिए उसके बाद बचता है तो ठीक से खान पान कीजिए नहीं तो उसके अंत में नास होना तय है। उसमे सबसे उत्तम कार्य मलंगिया गांव के स्व0 चंद्रकाला देवी पति जगदीश शर्मा के दामाद ओमवीर शर्मा ने किया है मैं उन दाता को बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं।अगर और कोई दाता सहयोग करना चाहते है तो उनका स्वागत है।

# पूर्व पैक्स अध्यक्ष के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर खजुरी पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष एवं राजद कार्यकर्ता मो एजाज खान के निधन ईलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में हो गया। परिजन के मुताबिक विगत चार दिन पूर्व अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण उन्हें ईलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में ले गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वाले में मुखिया विनोद महतो पूर्व प्रखंड प्रमुख अनिता कुमारी, पूर्व विधायक अशोक प्रसाद वर्मा, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू राय, रामबाबू महतो, मोहम्मद अंसार, वर्तमान पैक्स अध्यक्ष राम वाली महतो, पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार मुन्ना, पूर्व प्रमुख इफ्तिखार अहमद, गेना यादव, रामदेव महतो, भाकपा माले अंचल सचिव दिनेश कुमार, गुड्डू महतो, रुपेश कुमार राय उर्फ भोला, पैक्स अध्यक्ष रजनीश राय सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# सदगुरु का आशीर्वाद मिले तो जीवन में नहीं आएगा संकट : द्विवेदी

**विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता**



विभूतिपुर प्रखंड के सुरौली बावनघाट में नौ दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन कथावाचिका पूज्या रत्नमणि द्विवेदी ने प्रवचन देते हुए कहा कि साधना करने से ही साधन की प्राप्ति होती हैं। रामायण में सबसे पहले प्रणाम करना सिखाती हैं। उसमें प्रणाम करने से अभिमान, घमंड सभी खत्म हो जाते है। गुरु की महिमा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि सदगुरु का आशीर्वाद मिले तो जीवन में कोई संकट नहीं आयेगा। अगर संकट आए तो कोई चिंता नहीं करना चाहिए हैं। परमात्मा के भरोसे छोड़ देना चाहिए। उन्होंनें कहा कि सत्संग से विवेक की प्राप्ति होती हैं। संत असंतके बीच के अंतर को विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने त्रेता युग में शिव ने भवानी के साथ पहुंच कर राम कथा का श्रवण किया। राम कथा एक सागर है। इसमें डूबकी लगाने वाले लोगों को रत्न की प्राप्ति होती हैं। एक पर आशा, एक पर भरोसा और एक पर ही विश्वाश करना चाहिए। भगवान से कभी भी कुछ मांगना नहीं चाहिए। अगर मांगना है तो प्रभु श्रीराम की भक्ति मानने से सबकुछ मिल जाता हैं।

# थाना दिवस पर मामलो की हुई सुनवाई

**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी खजौली थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जमीनी विवाद को लेकर जनता दरवार का आयोजन थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार के अध्यक्षता में हुआ. थाना दिवस पर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन हुआ . जिसमें कई मामलों में सीमांकन एव कुछ मामलों में अगली सनी की तारीख निर्धारित की गई. प्रभारी सीओ मुकेश कुमार ने कहा कि जमीनी विवाद की सुनवाई के दौरान कुछ वादी एव प्रतिवादी की अनुपस्थित नही होने से अगली तारीख निर्धारित किया गया. उन्होंने कहा कि थाना दिवस में 75 प्रतिशत जमीनी विवाद को आपसी समझौता से विवाद को हल किया जा रहा है.मौके पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, प्रभारी सीओ मुकेश कुमार , सीआई आशीषदेव सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

# 3 लाख का ईनामी मोस्ट वांटेड रविरंजन उर्फ रमिया चढ़ा पुलिस के हत्थे, सोना लूटकांड गैंग का है सरगना

**समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

बिहार-झारखंड के पुलिस के लिए सर दर्द बन चुके समस्तीपुर जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखोपुर निवासी कुख्यात अपराधी रविरंजन सिंह उर्फ रामी उर्फ रम्मी उर्फ रमिया को समस्तीपुर पुलिस के सहयोग से एसटीएफ की विशेष टीम ने भोपाल के इंद्रपुरी से गुरुवार की शाम गिरफ्तार किया है। हालांकि समस्तीपुर पुलिस रमिया को गिरफ्तार करने की बात से इंकार कर रही है। बता दें कि विभिन्न जगहों पर सोना लूटकांड समेत विभिन्न संगीन आपराधिक मामलों में वर्षों से बिहार-झारखंड की पुलिस रविरंजन की तलाश कर रही थी। कुछ दिनों पहले कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा गांव निवासी रमेश ठाकुर की भी गिरफ्तारी हुई थी। वह भी रमिया का ही शागिर्द था। यह सभी सभी पुल्लू ठाकुर व सुबोध सिंह गैंग से जुड़कर विभिन्न जगहों पर कई क्विंटल सोना लूटकांड की घटना को भी अंजाम दे चुका है। कुख्यात रमिया पर बिहार पुलिस ने तीन लाख रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा था। वर्षों से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन हर बार वह बचकर निकल जाता था। उसपर आधा दर्जन से अधिक नामजद मामले दर्ज है।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने शराब धंधेबाज के उपर कसे जा रहे हैं नकेल



**प्रात: किरण संवाददाता**

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी फुलर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है इसी क्रम में निरीक्षक समान्य चंदन सिंह समवाय प्रभारी गंगौर के निदेर्शानुसार नाका पार्टी सहायक उप निरीक्षक की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 289/18 से लगभग 500 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ दो मोटरसाइकिलों पर नेपाल से भारत लायी जा रही नेपाली शराब 300 एम. एल. 1500 बोतलों को जब्त किया गया है। शराब के तस्कर एस.एस.बी के जवानों को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की और भागने में सफल रहे। जब्त की गई शराब की बोतलों एवं बरामद मोटरसाइकिलों को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है ।भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, अगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इस लिए सशस्त्र सीमा बल द्वारा चुनावों को लेकर सीमावर्ती इलाकों में काफी सघन रूप से जांच पड़ताल की जा रही ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

# वर्ग 8 और वर्ग 11 के टॉप तीन छात्रों को किया सम्मानित



**प्रात: किरण संवाददाता**

विभूतिपुर, समस्तीपुर। जगतारणी उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हार के प्रांगण में शनिवार को अभिभावक शिक्षक बैठक सह वार्षिक परीक्षा फल समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार साह ने किया। कक्षा 9वीं और 11वीं के टॉप 3 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। नवम वर्ग की छात्रा आयुषी कुमारी एवं छात्र गौरव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गणित शिक्षक सुरेश कुमार ने परीक्षा प्रणाली, कॉपी मूल्यांकन एवं कंप्यूटराइज्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि विद्यालय ने विगत कई वर्षों में कई मुकाम हासिल की है। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने आयोजन में शामिल होकर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। शिक्षक रविंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# बैठक से अनुपस्थित सेक्टर पदाधिकारी से जबाव-तलब

**विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

सहायक निवार्ची पदाधिकारी (लोकसभा) सह भूमि सुधार उप समाहर्ता दलसिंह सराय ने सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने को लेकर बीईओ कृष्णदेव महतो और बीपीआरओ चंदन कुमार से जबाव-तलब किया है। इन्हें पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देना है। अन्यथा, निर्वाचन जैसे कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित कर दी जाएगी। भूमि सुधार उप समाहर्ता सविता कुमारी ने कहा है कि 30 मार्च को उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु 138 विभूतिपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विभूतिपुर प्रखंड के सेक्टर संख्या 1 से 30 तक प्रखंड मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन में सेक्टर पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें वीएम 2, बीएजी एवं एएमएफ के संबंध में समीक्षा हुई। उक्त बैठक संबंधी सूचना वाट्सऐप के माध्यम से विगत 29 मार्च को दिया गया था।

सम्पादकीय

## भाजपा में रंगते नेता-कार्यकर्ता

भर्तृहरि मेहताब बीजू जनता दल के संस्थापक सदस्य हैं और कटक से छह बार लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। अब उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। संभवतः वह अपनी परंपरागत सीट से ही, भाजपा उम्मीदवार के तौर पर, चुनाव में उतरेंगे। भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से 18 पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भर्तृहरि को अब राजनीति में और क्या हासिल करना था कि उन्हें अपनी राजनीतिक निष्ठाएं बदलनी पड़ीं? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि मेहताब मौजूदा दौर को ओडिशा की राजनीति में ह्यपरिवर्तन कालह्व मान रहे हैं। सवाल यह भी है कि क्या अब बीजू पटनायक की विरासत और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सत्ता का पटाक्षेप होने वाला है? हमें तो यह इतना आसान नहीं लगता, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को वहां अपनी स्वीकृति स्थापित करनी है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच संवाद का एक सिलसिला चला था, जिसके संकेत थे कि भाजपा और बीजद में एक बार फिर गठबंधन हो सकता है। बहरहाल ऐसा न तो बीजद और न ही पंजाब में अकाली दल के साथ हो सका। दोनों ही क्षेत्रीय दल अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल से भाजपा के सहयोगी थे, लेकिन अब वे अलग-अलग चुनाव मैदान में हैं। ह्यइस्पात किंगह्व ओपी जिंदल की पत्नी एवं हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भी जीवन के अवसान-काल में, कांग्रेस के प्रति, अपनी राजनीतिक निष्ठाएं बदलीं और भाजपा में शामिल हो गईं। उनका अपना राजनीतिक प्रभाव आज भी है। सांसद रहे उनके पुत्र नवीन जिंदल ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ कर भाजपा से जुडे का निर्णय पहले ही कर लिया था। भाजपा ने इस आयातित नेता को कुरुक्षेत्र संसदीय सीट पर अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया है। आम आदमी पार्टी के इकलौते लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू ने भी भाजपा के पाले में ज्यादा सुरक्षित महसूस किया है, लिहाजा अब वह जालंधर से भाजपा उम्मीदवार बनाए जा सकते हैं। बहरहाल भाजपा में शरण लेने और उसके रंग में रंगने वालों की सूची बहुत लंबी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रहे अशोक चव्हाण का उदाहरण अभूतपूर्व-सा है। ऐसा नहीं है कि लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, तो राजनेता और उनके कार्यकर्ता पालाबदली में जुटे हैं। कमोबेश भाजपा में शामिल होने का सिलसिला तो 2014 से जारी है, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे। इधर यह सिलसिला कुछ तेज हुआ है। कांग्रेस, सपा, बसपा, आप और अन्य क्षेत्रीय दलों के हैवीवेट नेता, छिटपुट नेता, सांसद या विधायक आदि अपनी बुनियादी राजनीतिक विचारधाराओं को छोड़ कर भाजपा की शरण में आ रहे हैं। जाहिर है कि वे प्रधानमंत्री मोदी को ही अपना नेता मान रहे हैं और अब संघवादी सोच की राजनीति करने को तैयार हैं। नेताओं और दलों की कोई विचारधारा होती भी है अथवा नहीं? एक रपट के अनुसार, दूसरे दलों के 80, 000 से अधिक राजनेता और उनके कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। यह आंकड़ा बेहद असामान्य है और बढ़ भी सकता है। भाजपा ने बाकायदा ज्वाइनिंग कमेटी बना रखी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजीव चंद्रशेखर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद आदि कमेटी के निर्णायक सदस्य हैं। शायद यह रपट भी इसी कमेटी के अधीन बनाई गई होगी! भाजपा भी प्रधानमंत्री मोदी के राजनीतिक करिश्मे से संचालित पार्टी है, जहां उम्मीदवार का प्रभाव सीमित होता है। नवीन पटनायक से ममता बनर्जी तक, जगनमोहन रेड्डी से केजरीवाल तक नेतृत्व का ही प्रभाव रहता है, जो अंततः वोट को आकर्षित करता है। भाजपा ने इस आम चुनाव में अभी तक एक-तिहाई सांसदों के टिकट काट दिए हैं। कहीं, कोई असंतोष या विरोध नहीं है। जो भाजपा में आयातित नेता हैं, उन्हें भी एहसास होगा कि सांसद या मंत्री पद थाली में सजा-सजाया मिलने वाला नहीं है। उसके बावजूद वे भाजपा में शामिल होते जा रहे हैं।

## वरदान बन सकता है आपका ऐसा दान

परोपकारी कायरे को प्रायः केवल अति धनी व्यक्तियों के दान से जोड़ कर ही देखा गया है क्योंकि मान लिया गया है कि उनके पास ही दूसरों के लिए अतिरिक्त धन है। पर परोपकार की एक अन्य समझ को भी समाज में विकसित करना जरूरी है जिसके अंतर्गत उन सभी को कुछ न कुछ निर्धन भाई-बहनों, बच्चों और बुजुगरे की मदद के लिए कहा जाता है जो थोड़ी-सी भी मदद नियमित करने में सक्षम हैं। इस तरह विकासशील देशों के समाज में भी करोड़ों दाताओं को तैयार किया जा सकता है जिससे बहुत सार्थक बदलाव आ सकता है। इस संदर्भ में एक समझ यह बनी है कि जो भी सक्षम हैं, उनसे अधिक नहीं अपनी आय का मात्र दो प्रतिशत हिस्सा नियमित तौर पर दान देने के लिए कहा जाए। यह मुख्य रूप से निर्धन परिवारों को सहायता के लिए दिया जाए हालांकि इसे साथ में पर्यावरण रक्षा जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों से भी जोड़ा जा सकता है। कुछ लोग कहेंगे कि आय का 2 प्रतिशत हिस्सा तो बहुत कम हुआ। इसे जान-बूझकर ही कम रखा गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इसे अपना सकें। यदि कुछ लोग अधिक हिस्सा दे सकें तो इसका स्वागत ही होगा। सौ में से 2 रुपये दान करने का अर्थ यह हुआ कि महीने में 50, 000 रुपये आय है वह इसमें से कम से कम 1000 रुपये निर्धनों की भलाई के कायरे के लिए दान कर दें। इसे एक नारे के रूप में व्यक्त किया गया है-सौ में दो, अभी दे दोइ। यदि इस तरह कोई व्यक्ति या परिवार प्रति दिन औसतन 30 रुपये भी दे रहा है, तो उसके जीवन में एक नया आयाम जुड़ता है और एक सुकून मिलता है कि चाहे छोटे स्तर पर ही सही, किसी का दुख-दर्द कम करने से वह जुड़ा है। आगे सवाल यह है कि कोई व्यक्ति यह निश्चय कर ले तो फिर दान के लिए बचाए पैसे को खर्च कैसे करे। दान करने वाले व्यक्ति अपने आसपास के किसी भी निर्धन परिवार से जुड़ सकते हैं या निर्धनता कम करने के किसी प्रयास से जुड़ सकते हैं। यदि उन्हें इसमें कोई कठिनाई हो, तो ऐसी किसी भी संस्था में दान कर सकते हैं जो निर्धन वर्ग की सहायता से प्रतिबद्धता से जुड़ी है, जिसकी ईमानदारी सुनिश्चित है और जो पारदर्शी तौर-तरीके अपनाती है। इस तरह 2 प्रतिशत आय का दान देने में सक्षम लोगों की सक्रियता से निर्धन लोगों की सहायता और पर्यावरण रक्षा जैसे कायरे के लिए बहुत-सा धन इस तरह जुटाया जा सकता है। इस तरह बहुत से नये दाता बढ़ेंगे जो निर्धनता कम करने और पर्यावरण रक्षा पर पहले से अधिक ध्यान देना आरंभ करेंगे। इस पर अधिक सोच-विचार भी करेंगे। इस तरह पूरे समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी, सार्थक कायरे के लिए सक्रियता बढ़ेगी। व्यापक स्तर पर देखें तो यह समाज में सादगी और समता बढ़ाने के उद्देश्य से जुड़ी सोच है।

सादगी का अर्थ है कि अपनी जीवन परिस्थिति के अनुसार हम अपनी आवश्यकताओं का निर्धारण कर लें और इससे अधिक यदि कुछ हो तो उसका उपयोग जन-हित में करें। सादगी का यह सिद्धांत हमें दूसरों की भलाई करने के लिए तो प्रेरित करेगा ही, साथ ही कई तरह के नशे, अय्याशी और अन्य बुराइयों से भी बचाएगा। समता के सिद्धांत का अर्थ यह है कि हर व्यक्ति को अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी करने का अधिकार है, और समाज के अन्य सदस्यों का कर्त्तव्य है कि गरीब से गरीब व्यक्ति का यह अधिकार उसे मिले। इन दो जीवन-मूल्यों-समता और सादगी-का चोली-दामन का साथ है, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, इन्हें अपनाया जाए तो दूसरों का हक छीनने के लिए जो हिंसा होती है न तो वह रहेगी और इस कारण जो विषमता उत्पन्न होती है, वह भी नहीं रहेगी। मनुष्य के अपने अधिकांश दुख एक दूसरे पर आधिपत्य करने की प्रवृत्ति के कारण हैं। मनुष्य के इतिहास में लिंग, जाति, रंग, नस्ल, वर्ग, राष्ट्र आदि के आधार पर दूसरों पर आधिपत्य जमाने के प्रयासों के कारण ही अधिकांश दुख उत्पन्न हुए हैं। आधिपत्य के स्थान पर प्रेमपूर्ण सहअस्तित्व की सोच जब विकसित होगी तभी मनुष्य के दुख व्यापक और टिकाऊ स्तर पर कम होंगे। इतिहास में जब कभी अनेक सुधार आंदोलनों के कारण ऐसा हुआ है, दुखी मानवता को राहत मिली है। प्रकृति के प्रति भी आधिपत्य और विजय की भावना न होकर यह समझ होनी चाहिए कि जहां तक संभव हो प्रकृति के विविध रूपों को कोई नुकसान पंहुचाए बिना, बल्कि उसकी हरियाली को बढ़ाते हुए, अपनी जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करें। मनुष्य और मनुष्य के बीच विषमता को जितना हो सके, उतना ही कम किया जाए। सामाजिक स्तर पर लिंग, जाति, रंग, नस्ल आदि पर आधारित भेदभाव समाप्त किया जाना चाहिए। समाज के ऐतिहासिक स्तर के भेदभाव के जो शिकार रहे हैं, उन्हें सामाजिक बराबरी प्राप्त करने के विशेष अवसर मिलने चाहिए। किसी दूसरे के संसाधन या क्षेत्र हड़पने की होड़ न करें अपितु हम सब मिलकर कैसे एक नई दुनिया बनाएं जिसमें मनुष्य और सभी जीवों के दुख-दर्द को कम किया जाए, यही मुख्य उद्देश्य हो। एक मूल्य, जिसे हमारे दिल-दिमाग में गहरा बिठा दिया गया है, है प्रतिस्पर्धा का जीवन-मूल्य। पूरा जीवन जैसे एक दौड़ है जिसमें बहुत कम उम्र में ही हमें जुट जाना है और इतना जुट जाना है।

# भारत को अमरीका का हस्तक्षेप मंजूर नहीं

**विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अमरीकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बारबेना को तलब किया था। मंत्रालय ने कहा था कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमरीकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक-दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। अगर दो देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है, नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल मुद्दे पर अमरीका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमरीका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।**






योगेंद्र योगी
स्वतंत्र लेखक

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में अमरीका को उसी के लहजे में सख्त जवाब देकर भारत ने बता दिया है कि भारत के अंदरूनी मामलों में किसी भी देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वे मित्र देश ही क्यों न हों। कड़ा जवाब देकर भारत ने अमरीका को यह भी समझा दिया कि दोस्ती की आड़ में बांह मरोडे का प्रयास दोनों देशों के रिश्तों में दरार डाल सकता है। ऐसा करने पर भारत-अमरीका के रिश्तों पर फर्क पड़ सकता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की गईं कुछ टिप्पणियों के विरोध में अमरीका के एक वरिष्ठ राजनयिक को भारत द्वारा तलब किए जाने पर वाशिंगटन ने दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमरीका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमरीकी दूतावास की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब किया था, अमरीकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित करार देते हुए कहा था कि उसे अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है और वह इन्हें किसी भी प्रकार के अनावश्यक बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अमरीकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बारबेना को तलब किया था। मंत्रालय ने कहा था कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमरीकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक-दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। अगर दो देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है, नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल मुद्दे पर अमरीका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमरीका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी मुद्दे पर भारत ने अमरीका के साथ ही जर्मनी को करारा जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली स्वतंत्र है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित जर्मन दूतावास मिशन के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया। भारत ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने अमरीका की सुनने से इंकार कर दिया। इससे पहले अमरीका निवासी खालिस्तानी आतंकी गुरवंत सिंह पन्नू के मामले में भी भारत ने अमरीका को सख्त लहजे में समझाते हुए दर्शा दिया था कि भारत विरोधी कार्रवाई को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। भारत की दोस्ती को अमरीका कमजोरी नहीं समझे। अमरीकी अफसरों ने दो भारतीय नागरिकों पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। निखिल गुप्ता और एक अनाम सरकारी अधिकारी पर यह आरोप लगाए थे। अमरीका का यह भी दावा है कि यही आरोपी हरदीप सिंह निज्जर के मर्डर की प्लानिंग में भी शामिल थे। इसको लेकर न्याय विभाग ने मैनहैटन अदालत में अभियोग (आरोप पत्र) दर्ज किया था। भारत ने इस मुद्दे पर करारा जवाब देते हुए अमरीका को अपनी जमीन से भारत विरोधी गतिविधियां संचालित करवाने का आरोप लगाया था। इसी तरह भारत ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा और अमरीका को कड़ा जवाब दिया था। हालांकि इस मुद्दे पर अमरीका ने सीधे कोई हस्तक्षेप नहीं किया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के निज्जर की हत्या करवाने के आरोपों को खारिज करते हुए करीब दो दर्जन से ज्यादा डिप्लोमेट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए अपनी बदली हुई विदेश नीति से वाकिफ भी करा दिया था। भारत के ऐसे सख्त रवैये से कनाडा भौंचक्का रह गया। टूडो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत ऐसा रवैया भी अख्तियार कर सकता है। भारत ने कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। भारत पर लगाए निज्जर की हत्या के आरोपों को कनाडा साबित नहीं कर सका। केवल सिक्ख वोट बैंक पाने के लिए कनाडा ने भारत पर यह आरोप लगाया था। इसी तरह भारत ने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप को लेकर तुर्की की भी खिंचाई की थी। कश्मीर के मुद्दे पर भारत-तुकीर्ये एक बार फिर से आमने-सामने आ गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्किये ने कश्मीर में मानवाधिकारों को लेकर सवाल उठाया और भारत को घेरने का प्रयास किया था। हालांकि, राइट टू रिप्लाई के तहत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने तुर्किये को जवाब देते हुए कहा कि हमें दुख है कि तुर्किये ने भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी की। उम्मीद है कि वह आगे इस तरह के गैर-जरूरी बयान से बचेगा। वैसे तुर्किये द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाना कोई पहला वाक्या नहीं है। तुर्किये पहले भी कई बार कश्मीर का राग अलाप चुका है। भारत ने हर बार तुर्की को इसी तरह जवाब दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि अमरीका की पूरे विश्व में अब कोई नहीं सुन रहा है। इजराइल ने भी अमरीका को अनसुना करके हमास से युद्धविराम करने से साफ इंकार कर दिया। इसी तरह यूक्रेन युद्ध के मामले में अमरीका की नीति विफल साबित हुई। फ्रांस ने साफ कह दिया कि वह अमरीका का पिछलग्गू नहीं बनेगा। हालत यह है कि अमरीका अपना घर संभालने के बजाय दूसरे मुल्कों में टांग अड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने एक बयान में कहा था कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक और 6 चाहते हैं। यह बयान ट्रंप के द्वारा शनिवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें ट्रंप ने खून-खराबे का जिक्र किया था। इस बयान की निंदा करते हुए प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अमरीका के नागरिक ट्रंप को इस नवंबर में एक और चुनावी शिकस्त देने जा रहे हैं, क्योंकि वे उनके उग्रवाद, हिंसा के प्रति लगाव और बदला लेने की उनकी प्यास को लोग खारिज करते रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने उस वक्त बयान दिया, जब उन्होंने अमरीका के बाहर बनी कारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ का वादा किया। ओहियो के डेटन के पास एक रैली को संबोधित करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि हम लाइन में आने वाली हर एक कार पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। अगर मैं नहीं चुना गया, तो देश में खून-खराबा होगा। अमरीका को यह समझना होगा कि बदली वैश्विक परिस्थितियों में भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व कर रहा है। यही वजह है कि भारत इंडिया फर्स्ट की नीति के तहत विदेश नीति पर अमल कर रहा है। अमरीका की मजबूरी चीन के मामले में भारत को साथ लेने की है। भारत में ही चीन का मुकाबला करने की काबलियत है। इसके अलावा अमरीका और भारत के व्यापारिक रिश्ते लगातार बढ़ रहे हैं।

# चीनी रक्षा बजट : भारत को सतर्क रहना होगा

**इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा एशिया प्रशांत क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उसको जवाब के तौर पर तैयार होना है। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि चीन सैन्य क्षेत्र में दुनिया के शक्तिशाली देशों की तुलना में सबसे ऊपर रहना चाहता है। ऐसी स्थिति में भारत को चीन की रक्षा बढ़ोतरी से सजग रहने की आवश्यकता होगी।**





लक्ष्मी शंकर यादव
लेखक

भारत व अमेरिका से लगातार चल रहे तनाव के बीच चीन ने एक बार फिर से अपने रक्षा बजट में भारी भरकम बढ़ोतरी की है। चीन ने 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्श 2024 का रक्षा बजट 1.67 ट्रिलियन युआन अर्थात 232 अरब डॉलर कर दिया है। चीनी रक्षा बजट की यह वृद्धि बीते पांच सालों में सबसे ज्यादा है। चीन ने अपने वित्त मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया है कि वह दुनिया में अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र में 5 मार्च को आधिकारिक रक्षा बजट के आंकड़े की घोषणा की गई। अनेक विदेशी विशेषज्ञों का मानना है कि यह धनराशि सत्तासीन कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा किए गए खर्च का केवल एक अंश है। 232 अरब डॉलर का चीनी रक्षा बजट भारतीय रु पयों में 19.23 लाख करोड़ रु पए से ज्यादा है। चीन की तुलना में भारत का 2024-25 के लिए घोषित रक्षा बजट 621541 करोड़ रु पए है। इस हिसाब से देखा जाए तो चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से तीन गुना से भी ज्यादा है। चीन ने वर्ष 2023 में भी अपना रक्षा बजट 7.2 फीसद बढ़ाया था। इससे चीन का रक्षा बजट बढ़कर 1550 अरब युआन अर्थात 225 अरब डॉलर तक हो गया था। इससे पहले वर्ष 2022 में चीन ने अपना रक्षा बजट 7.1 फीसद बढ़ाया था। तब यह 1450 अरब युआन था। कुल मिलाकर तथ्य यह है कि चीन अपने रक्षा बजट में पिछले नौ वर्षों से लगातार इजाफा कर रहा है। दरअसल, चीन की योजना यह है कि वह अपनी सेना को विश्व की नम्बर एक सेना बना दे। चीन ने अपना रक्षा बजट ऐसे समय बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था काफी बुरे दौर से गुजर रही है। चीन इससे पहले भी आर्थिक संकट से घिरा हुआ था, लेकिन इस बार मामला ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक परेशानी वाले काल से गुजर रहे हैं। चीन की तेज आार्थिक ग्रोथ में लंबे समय तक वहां की प्रॉपर्टी सेक्टर की विषेश भूमिका रही है, लेकिन इधर काफी समय से प्रॉपर्टी सेक्टर की कुछ कंपनियां दिवालिया हो गई हैं और सरकार इन्हें उबारने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ साल 2024 के लिए चीन का रक्षा बजट पिछले कई वर्षों में सबसे ज्यादा है। ऐसे में चीन के द्वारा की गई रक्षा बजट की बढ़ोतरी उसके सैन्य इरादों को स्पष्ट करती है। जिनपिंग ने अपनी सेना को वर्ष 2027 तक विस्तरीय सेना बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा यह भी लक्ष्य निर्धारित है कि चीनी सेना को वर्ष 2035 तक पूरी तरह से अत्याधुनिक बना दिया जाए। इसी वजह से चीन अपना रक्षा बजट लगातार बढ़ा रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति जिनपिंग यह नहीं चाहते कि उनके सैनिकों को युद्ध लडे में अधिक मेहनत करनी पड़े। इसीलिए चीन अत्याधुनिक हथियार, मजबूत थियेटर कमांड, स्टील्थ तकनीक व लड़ाकू तकनीक के क्षेत्र में अधिक पैसा लगा रहा है। इनके विकास के बाद युद्ध में विजय दिलाने का काम लड़ाकू जेट विमान, ऑटोनॉमस हथियार व अत्याधुनिक मिसाइलें कर देंगे। हाल के वर्षो में चीन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। इन सुधारों के तहत उसने दूसरों देशों में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए नौसेना और वायुसेना को प्राथमिकता देते हुए उनका विस्तार किया। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर चुका है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। चीन अपनी इसी रक्षा नीति पर चलते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो तीन वर्षो में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोतरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। चीन की रक्षा ताकत बढ़ाने वाली यह नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। इन योजनाओं के पीछे कारण यही है कि चीन का अमेरिका, ताइवान, जापान व भारत के साथ जारी तनाव और हिन्द महासागर व दक्षिण चीन सागर में मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में उसका सैन्य पक्ष कमजोर न पड़े। चीन के नीति नियंताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाये जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है।

# दिल्ली की रावडी देवी बन सकती हैं सुनीता......

राकेश अचल

भारतीय राजनीति में सत्ता के हस्तांतरण के अनेक रोचक उदाहरण हैं, लेकिन बिहार की श्रीमती रावडी देवी जैसा कोई नहीं। भारत में महिला मुख्यमंत्री होना बड़ी बात नहीं है लेकिन पति के उत्तराधिकार के रूप में मुख्यमंत्री होना एक इतिहास है। भारत के राजनीतिक इतिहास में हमेशा अनूठा रचने वाले बिहार में 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाला में सजा बतौर जेल जाना पड़ा तो उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती रावडी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था। अब यही हालात कमोवेश दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद बन रहे है। अटकलें लगाईं जा रहीं हैं कि यदि केजरीवाल को जमानत न मिली और यदि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा तो श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली की रावडी देवी बनाया जा सकता है।

कहने को तो भारत की पहली मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी रह चुकी हैं, उनके बाद देश के आधा दर्जन राज्यों में महिलाओं ने मुख्यमंत्री पद सम्हाला लेकिन रावडी देवी कोई दूसरा नहीं बन पाया। सुचेता जी 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश देश की मुख्यमंत्री रही। उनके बाद ओडिशा में नंदिनी सत्पथी को एक साल के लिए (1972 -1973) मुख्यमंत्री बनाया गया। उधर गोवा में श्रीमती शशिकला काकोदकर 1973 से 1979 तक मुख्यमंत्री रहीं। उनके पिता दयानद बंदोदकर भी मुख्यमंत्री रह चुके थे। असम में सैयद अनवरा तैमूर को कांग्रेस ने 1980 से 1981 की अवधि के लिए मुख्यमंत्री बनाया। तमिलनाडु में सुश्री जयललिता ने छह बार मुख्यमंत्री बनकर नया कीर्तिमान बनाया। हालांकि उनसे पहले श्रीमती जानकी रामचंद्रन भी एक महीने के लिए तमिलनाडु की पाली महिला मुख्यमंत्री बनाई गयी थीं।

उत्तर प्रदेश में बसपा की मायावती ने पांच बार मुख्यमंत्री बनकर जय ललिता का मुकाबला करने की कोशिश की। श्रीमती राजकुमार भट्टल भी 1996 से 1997 के बीच पंजाब की पहली मुख्यमत्री बनी। देश को पहली रावडी देवी 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में मिलीं और वे 2005 तक मुख्यमंत्री रहीं। उन्हें ये पद अपने पति से उत्तराधिकार में मिला था। सुषमा स्वराज को भी १९९८ में तीन माह के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला, लेकिन दिल्ली को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती शीला दीक्षित (1998 से 2013) ही मिलीं। वे लगातार दो बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

श्रीमती शीला दीक्षित के बाद मप्र में 2003 में उमा भारती, राजस्थान में बसुंधरा राजे और बंगाल में ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री का पद सम्हाला। जम्मू-कश्मीर में मेहबूबा मुफ़्ती और गुजरात में ये सौभाग्य श्रीमती आनंदी बेन पटेल को मिला। लेकिन इनमें से कोई भी रावडी देवी की तरह मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। कुछ सीधे अपने चेहरे के आधार पर चुनाव लड़कर मुख्यमंत्री बनीं और कुछ को राजनीतिक परिस्थितियों के तहत मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया गया। मौजूदा समय में दिल्ली में एक बार फिर ऐसी परिस्थितिया बन रहीं हैं की मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया जाये।

देश की पहली रावडी देवी एकदम घरेलू महिला थी। उनकी शिक्षा भी सांकेतिक थीं। वे पहले कार्यकाल में तो गूंगी गुड़िया बनकर रहीं थीं, लेकिन यदि श्रीमत सुनीता केजरीवाल दूसरी रावड़ी बनतीं हैं तो वे उच्च शिक्षित हैं। वे आईआरएस हैं। सुनीता को 20 साल से ज्यादा सिविल सर्विबस का भी अनुभव है। सुनीता केजरीवाल ने जूलॉजी में मास्टर्स डिग्री हासलि की है वे 1993 बैच की आईआरएस आईआरएस अधिकारी सुनीता की पहली मुलाकात उस दौरान 1995 बैच के आईआरएस अधिकारी अरविंद केजरीवाल से भोपाल में हुई. दोनों ही एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले, बाद में इसी मुलाकात की परिणति शादी में बदल गई. इसके बाद जब अरविंद केजरीवाल ने साल 2006 में आईआरएस के पद से इस्तीफा दिया था तब भी सुनीता सिविल सर्विस में रहीं। इस समय वे अपने पति की गैरमौजूदगी में अघोषित रूप से दिल्ली की सरकार चला रहीं हैं।

# बैगलेस शनिवार में स्कूली बच्चों को सिखाए गए आपदा से बचाव के तरीके

## शिक्षा समिति के सचिव ने वितरण किया पाठ्य सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता



परसाः-नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परसा मथुरा में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर सुरक्षित शनिवार,बैगलेस शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।वर्ग शिक्षिका संजू कुमारी सरोज ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपदा के पूर्व एवं आपदा के पश्चात होने वाली क्षति को कम करने या बचने के तरीके से बच्चों को लैस कराना है ।प्राकृतिक आपदा या मानव जनित आपदा इत्यादि के घटित होने से जैविक एवं अजैविक संसाधनों का काफी नुकसान होता है ।प्रभारी प्रधानाध्यापक बबीता कुमारी ने बताया आपदा प्रबंधन की आवश्यकता आपदा के पूर्व एवं पश्चात होने वाली क्षति को कम करने या बचने से संबंधित है ।विद्यालय स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति गठित कर जागरूकता फैलाना इसका उद्देश्य है ।बैगलेस शनिवार कार्यक्रम के तहत बेकार सामग्री से अधिगम उपस्कर तैयार करना तथा घरेलू उपयोग एवं अन्य खिलौने बनाने के लिए इस्तेमाल में लाने के तरीके पर चर्चा की गई ।गर्मी के दिनों में धूप से होने वाले नुकसान एवं धूप से बचाव पर चर्चा की गई। इसमें किसी दुर्घटना के उपरांत पीड़ित को प्राथमिक उपचार देने के तरीके को मॉकड्रील कर बताया गया। वही इसके उपरांत विद्यालय शिक्षिका संजू कुमारी सरोज के प्रयास से शिक्षा समिति के सचिव गुड़िया कुमारी ने वर्ग एक के बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी ।जिसमें किताबें, कापी,पेंसिल, रबर, पेन और पेंसिल्स कलर शामिल थे ।उन्होंने कहा कि असहाय व गरीबों का सहयोग करने से किसी की भी आर्थिक व शारीरिक क्षमता में कमी नहीं आती है बल्कि आर्थिक खजाने में वृद्धि तो होती ही है साथ ही शारीरिक क्षमता में भी बल की वृद्धि होती है ।मौके पर वर्ग शिक्षिका संजू कुमारी सरोज,प्राचार्य बबिता कुमारी, डिम्पल कुमारी,शिक्षा समिति के सचिव गुड़िया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 15 मामलों की सुनवाई करते हुए किया गया समाधान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी, अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।

जिला पदाधिकारी के द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 15 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 10 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 05 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# सभी रक्तदाता है सही मायने में समाज के नायकः डॉ. चंद्रेश्वर

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। रक्तदाता ही सही मायने में समाज के नायक हैं जो वैसे लोगों की जान बचाते हैं जिन्हें खून की आवश्यकता होती है ।उक्त बातें रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के चेयरमैन सह डी०आई०ओ ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कई आयाम है लेकिन रक्तदान न केवल समाज सेवा है बल्कि सबसे बड़ा दान है ।रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य अमन राज ने कहा की रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से अस्पताल में पर्याप्त ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करने में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के युवा इकाई का अहम योगदान है ।वहीं युवा इकाई के प्रभारी भुनेश्वर कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल हम लोगों की जान बचाने में अपना योगदान करते है बल्कि उस व्यक्ति के साथ खून का रिश्ता जोड़ लेते है ।रक्तदान करने वाले में भुनेश्वर कुमार,राहुल प्रजापति, ऋतिक राज,सूरज चौधरी,विकास कुमार,सूरज गुप्ता अन्य ने रक्तदान किया ।रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस युवा इकाई के सदस्य प्रणव,पीयूष कुमार का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें

### पुत्र के अचानक गायब होने की प्राथमिकी दर्ज कराया

बनियापुर ।बनियापुर के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के पंचमुहल्ला गाव के एक युवक के रहस्यमयी ढंग से गायब होने की घटना की प्राथमिकी पिता ने दर्ज कराया है ।घटना के संबंध मै पीड़ित मोख्तार ठाकुर ने बताया की मेरा पुत्र दोपहर का खाना लेकर दुकान पर खाना पहुंचकर घर चला गया,काफी हो गयी तब देर बाद घर से फोन आया कि अंकित कुमार घर नही आया है,जिसके बाद उक्त युवक का सभी जगह खोजबीन की गयी रिस्तेदार आदि सभी जगह खोजबीन किया है कही पता नही चला ।पीड़ित ने पुत्र की कुशल बरामदगी की गोहर लगाया है ।पीड़ित अनहोनी की अशंका से भयभीत है ।

### दरवाजे पर लटका तार, ले सकता है जान

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव टोले कटहरी स्थित राजेंद्र यादव के मकान के दरवाजे से होकर गुजरने वाला बिजली का नंगा तार यादव के दरवाजे पर लटक गया है, जो जानलेवा बन गया है तथा कभी भी किसी का जान ले सकता है. . राजेंद्र यादव ने बताया कि कई बार बिजली मिस्त्री तथा जेई से आग्रह कर दरवाजे से तार हटाने को कहा, मगर अभीतक तार नहीं हटाया गया. जबकि उनके घर की महिला को दो बार करेंट मार चूका है. जान की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए यादव के दरवाजे से लटका हुआ बिजली के तार का सुधार करना अनिवार्य है.

### पुलिसिया कार्रवाई में कुल 31 अपराधी हुए गिरफ्तार

छपरा । सारण पुलिस द्वारा जिला भर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 31 अपराधिओं को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अपराधियों में आर्म्स एक्ट के एक अपराधी शामिल है, इसके अतिरिक्त चोरी कांड के एक, खनन कांड के 11, उत्पाद कांड के 14, फरार वारंटी एक तथा अन्य कांड के तीन अपराधी शामिल है। इसके अलावा 11 वारंट का भी निष्पादन किया गया है। जबकि सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में 75 लीटर देसी शराब तथा 35 लीटर स्प्रिट को भी बरामद किया गया है । वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 312000 रुपए जुमार्ना के रूप में वाहन चालकों से वसुला गया है । पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस अभियान में एक देसी कट्टा,एक जिंदा कारतूस तथा 13 ट्रक भी जप्त किया गया है

### मशरक में जमीनी विवाद में मारपीट में एक घायल

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर चमरिया गांव में जमीनी विवाद में शनिवार को मारपीट में एक युवक घायल हो गया । घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घायल युवक स्वर्गीय बसावन साह का पुत्र महेन्द्र कुमार साह है । घायल युवक ने थाना पुलिस को आवेदन दिया।

### मशरक थाना में लगा जनता दरबार, पहुंचे फरियादी

मशरक (सारण) मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों के मामले अंचल बड़ा बाबू रवि कुमार और थाना पुलिस अरूण सिंह ने सुनवाई की। मामले में बताया गया कि पहले से 23 मामले लंबित थे। जिन पर सुनवाई की गई, पर विपक्षी के नहीं पहुंचने से अगले जनता दरबार में निपटारा किया जाएगा। वही 1 नया मामला दर्ज कराया गया, जिस पर सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया।

### कट्टा एवं कारतूस के साथ एक पकड़ा गया

लहलादपुरः जनता बाजार की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के तेलछा गांव स्थित डोमवा मोड़ से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा. पकड़े गये उस व्यक्ति के पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ. उसपर पूर्व में भी जनता बाजार थाना कांड संख्या-230/22 दर्ज है. आर्म्स एक्ट के तहत उसे जेल भेज दिया गया. पकड़ा गया व्यक्ति स्थानीय थाना क्षेत्र का दिनय राय बताया जाता है.

# पत्नी संग पूर्व मध्य रेलवे के जीएम ने आमी मंदिर में किया दर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश शनिवार को आमी स्थित मां अंबिका भवानी के दरबार पहुंचे और अपनी पत्नी के साथ विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर अपनी मन्नतों के पूर्ण होने की कामना की ।जीएम के साथ पूर्व रेलवे के कई पदाधिकारी मंदिर पहुंचे थे। मंदिर पहुंचे जीएम का पुजारियों द्वारा स्वागत किया गया। गर्भगृह के अंदर पुजारी मुनमुन तिवारी, कुमुद तिवारी चंदन तिवारी समेत अन्य लोगों ने जीएम श्री प्रकाश को विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कराया ।बाद में पुजारी द्वारा जीएम व उनकी पत्नी को पिंड पर अर्पित चुनरी प्रदान किया गया। इस दौरान पुजारी ने जीएम को मंदिर के पौराणिक इतिहासों से रूबरू कराया ।लंबी अवधि तक जीएम मंदिर परिसर का भ्रमण करते रहे ।पूजा अर्चना के बाद जीएम वापस हाजीपुर लौट गए ।बता दें कि पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का प्रभार ग्रहण करने के बाद तरुण प्रकाश पहली बार मां अंबिका भवानी के दरबार में पहुंचे थे।

# लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। विद्या दान के बाद यदि कोई मानवता की सेवा है तो वह भोजन दान हीं है, जो लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर द्वारा प्रत्येक शनिवार को सउल्लास सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 192 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया खिचड़ी खाकर गरीब मजदूर रिक्शा वाले काफी खुश हुए और क्लब के लोगों को दुआएं दी। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से लगातार किया जा रहा है और इसका काम को सफल बनाने में सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा, क्लब अध्यक्ष करण सिंह क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, रिजवी राज, सुमन कुमार सिंह, दिलीप कुमार चौरसिया की रही। इस कार्यक्रम में क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी, उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा, चंदन शर्मा, गजेंद्र पांडे, लियो उपाध्यक्ष रूपेश कुमार, सहित कई लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम की जानकारी मनीष मिश्रा ने दी।

# लोस चुनाव और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

परसाः- लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर परसा पुलिस ने रेवाघाट- हाजीपुर बांध मार्ग पर छपरा-वैशाली बॉर्डर होने के कारण वाहन जांच अभियान चलाया गया ।इसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं बैग की गहनता से जांच की गई ।बिना हेलमेट के चलने वाले दर्जनों वाहन चालकों को भी फटकार लगाया गया ।बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल पूर्वक संपन्न कराने हेतु यह विशेष अभियान चल रहा है ।वही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है ताकि कहीं से किसी प्रकार की अवैध हथियार व अवैध सामग्री इस जिला से उस जिला में नहीं जा सके ।साथ ही प्रत्येक दिन रेवाघाट-हाजीपुर बांध स्थित बनकेरवा मुख्यमार्ग पर बाहर से आने वाले छोटी-बड़ी वाहनों की जांच की जाती है। बनकेरवा स्थित बांध पर वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य है कि लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं पर किसी प्रकार की अवैध हथियार अवैध सामान शराब पार नहीं होने देना है।

## अवैध हथियार के साथ एक अपराधी हुआ गिरफ्तार

छपरा। गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात जनता बाजार थाना अंतर्गत ग्राम तेलछा डोमवा मोड़ से हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को कामयाबी मिली है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी दिनय राय पिता सुरेंद्र राय ग्राम पंडितपुर जनता बाजार निवासी बताया गया है। गिरफ्तार अपराधी का अपराधी रिकॉर्ड भी रहा है, जनता बाजार थाना का संख्या 230 /22 दर्ज है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इस मामले में जनता बाजार थाना कांड संख्या 49/24 दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इस अपराधी की गिरफ्तारी में टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार एवं जनता बाजार थाना कर्मी शामिल थे।

# मच्छरों के बढ़ रहे प्रकोप को ले निगम ने शुरू किया एंटीलार्वा केमिकल का छिड़काव

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। मच्छर के बढ़ रहे प्रकोप को देखते हुए नगर आयुक्त सुमित कुमार ने सभी वार्डो में एंटीलार्वा केमिकल का छिड़काव कराने का आदेश सभी वार्ड में प्रतिनियुक्त सफाई निरीक्षक को दिया है। बता दें कि गर्मी बढ़ने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ जाता है। इसके लिए नगर आयुक्त ने वार्ड वाइज टीम गठित कर एंटीलार्वा केमिकल का छिड़काव कराने का आदेश दोनों सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल एवं नीरज कुमार झा को दिया है। अपने आदेश में उन्होंने वार्ड संख्या 1 से वार्ड 6 तक के सफाई निरीक्षक चंद्रमोहन यादव को एंटीलार्वा दवा छिड़काव कराने का आदेश दिया है, वार्ड संख्या 7 से वार्ड 13 तक के सफाई निरीक्षक अखिलेश राय, वार्ड संख्या 14 से 20 तक के सफाई निरीक्षक संजय कुमार राम, वार्ड 21 से वार्ड 27 तक के सफाई निरीक्षक असगर अली 2 एवं वार्ड 28 से 34 तक के सफाई निरीक्षक राजनाथ राय को एंटीलार्वा दवा छिड़काव कराने का आदेश दिया गया है ।इसके अलावा वार्ड संख्या 35 से वार्ड 40 तक के सफाई निरीक्षक सुमित कुमार तथा वार्ड संख्या 41 से वार्ड 45 तक के लिए असगर अली 1 को एंटीलार्वा दवा छिड़काव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिसका अनुश्रवन करने की जिम्मेदारी सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल एवं नीरज कुमार झा को दिया गया है. प्रतिदिन वार्ड वाईज एंटीलार्वा दवा का छिड़काव 20 मार्च से सभी वार्डो में गठित टीम के माध्यम कराया जा रहा है।

## फाइनेंसकर्मी से हथियार के बल पर रुपए की हुई लूट, अपराधी फरार

दरियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के नगवा गांव के समीप एक माइक्रो फाइनेंस कर्मी से अपराधियों ने कट्टे के बल पर डेढ़ लाख रुपए लूट कर आराम से फरार हो गए ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार माइक्रो फाइनेंस कंपनी का फील्ड ऑफिसर पप्पू कुमार के क्षेत्र से साप्ताहिक वसूली कर बाइक से नयागांव स्थित कंपनी के कार्यालय में लौटने के क्रम में नगवा गाछी के पास पहले से सड़क पर खड़े दो अपराधियों ने कट्टे के बल पर उसकी बाइक रुकवा ली ।इसी बीच पीछे से एक अन्य अपराधी बाइक से पहुंचा और तीनों अपराधियों ने मिलकर उसकी बाइक की डिक्की से वसूली के डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए ।फिर तीनों अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए ।इसके बाद फील्ड ऑफिसर पप्पू कुमार ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी ।पुलिस शीघ्र ही पहुंच गई और छानबीन शुरू की। लेकिन अपराधियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# मशरक बीआरसी में विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की एक दिवसीय ट्रेनिंग आयोजित

मशरक (सारण) मशरक के सभी प्राथमिक, प्रारंभिक , उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रैनर अभिजीत कुमार और रामाशंकर सहनी द्वारा सभी प्रधान शिक्षक और सहायक शिक्षकों को ई शिक्षाकोष के विषय पर जानकारी दी गयी। ई शिक्षाकोष पर विद्यालय प्रोफाईल और छात्र छात्राओं का प्रोफाईल को एक से 15 अप्रैल तक अपने विधालय के यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों की नए पुराने विधार्थियों की कार्यान्वित पठन पाठन को लिंक के माध्यम से वेबसाइट को ओपन करे और विद्यालय प्रोफाइल के लिए यूजर आईडी विद्यालय का यू डायस कोड एवं पासवर्ड और विद्यालय के नए पुराने विधार्थियों का प्रोफाइल ( यूजर आईडी- विद्यालय प्रधान उपलब्ध कराएंगे एवं अपने डाटा को अद्यतन कर दिया जाए। बताया गया कि डाटा भरने के समय शिक्षक अपने विद्यालय के विधार्थियों का नाम नहीं छुटे , इस पर ध्यान दें। किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/ लेखा सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर से संपर्क किया जा सकता है ।

# प्रभारी कार्यालय अधीक्षक को डीएम ने किया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शनिवार को प्रभारी कार्यालय अधीक्षक सुरेन्द्र मांझी के सेवानिवृत्त होने पर उनके विदाई समारोह के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ एवम् उपहार देकर सम्मानित किया गया। समाहरणालय के सभी कर्मी उक्त अवसर पर उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह एक अच्छी शुरूआत की गई है, आगे भी लिपिकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित की जाय। साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी प्रकार के सेवांत लाभ प्रदान कर देने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएसपी ने मशरक में चलाया चेकिंग अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक (सारण) लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर मशरक में डीएसपी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में अवैध कैश, मादक पदार्थ एवं अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के परिवहन एवं लेनदेन पर नजर रखा गया। मौके डीएसपी अमरनाथ के नेतृत्व में सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय समेत अन्य मौजूद रहे। महाराणा प्रताप चौक पर चेकिंग अभियान के दौरान चार चक्का वाहनों का डिक्की खोलवा जांच और बाइक चालक की कागजात की जांच पड़ताल की गई। वही मौके पर यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर जुमार्ना लगाया गया। मौके पर डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में अवस्थित मतदान केंद्र का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, वही सभी इलाकों में सुरक्षा के लिए व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है।

# लोस चुनाव हेतु दर्जन भर बूथ क्षेत्र पर अर्धसैनिक बलों के साथ पदाधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवददाता



बनियापुर । आसन्न लोक सभा चुनाव की तैयारियों मे जुटी बनियापुर सहजितपुर के सैनिक अर्धसैनिक के लगभग तीन दर्जन से उपर पुलिस पदाधिकारियो ,,बीडीओ कपूर्री ठाकुर अंचलाधिकारी दीना नाथ कुमार थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सहजितपुर थानाध्यक्ष जितमोहन कुमार के संयुक्त नेतृत्व मे महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र के दर्जनों गांवो मे फ्लैग मार्च किया गया ,जहा पूर्व के सभी संवेदनशील अतिसंवेदनशील बूथों ,तथा बूथ क्षेत्र को चिहित करते क्षेत्र मे यह मैसेज देने की कोशिश की गयी कि आसन्न चुनाव शांति सदभाव तथा निष्पक्ष चुनाव हर हाल मे सम्पन्न कराना प्रशासन की चुनौती है ।मौके पर सहजितपुर मानोपाली धनगरहा सतुआ ह्वसराजपुर सहित दर्जनों बूथों पर पूर्व मे जहा किसी प्रकार का बलवा हुआ है पर फ्लैग मार्च किया गया।

# सारण के लाल उदय कुमार ने रचा इतिहास

- एक पैर के सहारे 35 वर्षीय उदय ने 16500 फीट ऊँची चोटी पर लहराया तिरंगा,यह सफलता पूरे विश्व के समक्ष एक प्रेरणा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। आज दुष्यंत कुमार की ह्यकौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों। इन पंक्तियों को सारण जिला के उदय कुमार ने चरिचार्थ किया है ।मात्र एक पैर के सहारे 91 प्रतिशत दिव्यांगता वाले उदय कुमार ने कंचनजंघा नेशनल पार्क स्थित रेनाक पहाड़ पर 16,500 फीट ऊँची चोटी पर चढ़कर तिरंगा लहराया है तथा सभी को आश्चर्यचकित का दिया। रेनाक की चोटी पर चढ़कर तिरंगा लहराने वाले उदय कुमार सम्भवतः पहले दिव्यांग हैं। उदय कुमार के इस विश्व रिकॉर्ड पर हिमालयान माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट (एचएमआई) ने प्रसन्नता जाहिर किया है। उदय के इस उपलब्धि से पूरा सारण जिला गौरवांवित महसूस कर रहा है। इस पर्वतारोहण के लिए 5 मार्च से ही उदय यात्रा पर हैं। उदय की इस सफलता में एचएमआई के ग्रुप कैप्टन जय किशन, सूबेदार महेन्द्र कुमार यादव, रौशन गहतराज, हवलदार आमिर गुरुंग, क्षितिज राय, दीपेन्द्र थापा, करण राय, प्रताप लिम्बु एवं बिनॉय छेत्री की महती भूमिका है। ग्रुप कैप्टन जय किशन ने उदय को बधाई देते हुए बताया कि यह सफलता पूरे विश्व के समक्ष एक प्रेरणा है। मालूम हो कि मैराथन मैन उदय सारण जिला के बनियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बाडोपुर गाँव के निवासी हैं और कोलकत्ता में रहकर निजी कम्पनी में काम करते हैं, जिससे उनके परिवार का बहुत मुश्किल से भरण-पोषण हो पाता है। विदित हो कि उदय के पिता केदार ठाकुर कोलकाता में ही रेलवे ट्रैक के किनारे फुटपाथ पर साधारण सैलून खोलकर हजामत का काम करते थे। उदय पढ़ने में होनहार थे और उनके पिता उन्हें पढ़ाना भी चाहते थे लेकिन घर की माली हालत देखकर उदय को मैट्रिक के बाद कम उम्र में ही काम पकड़ना पड़ गया और मात्र 14 वर्ष आयु में ही साल 2012 में उदय की शादी भी हो गई। शादी के अगले ही साल उनके बीमार पिता भी चल बसे। खैर, पत्नी की प्रेरणा से उन्होंने बारवहीं तक की शिक्षा पूरी की। अक्टूबर, 2015 की वह रात उनके लिए सबसे काली रात थी, जिसने उनका एक पैर छीन ली।

# आग से बचाव की दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



पानापुर (सारण) गर्मी के मौसम शुरू होने के साथ होनेवाली आगलगी की घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महम्मदपुर के प्रांगण में अग्निशमन विभाग के कमीर्यों द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ मांक ड्रील का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक, बच्चें, रसोइया एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के कमीर्यों द्वारा उपस्थित छात्रो व उनके अभिभावकों को आग लगने के विभिन्न कारको के बारे में विस्तार से बताया गया साथही इसके बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग के कर्मी संतोष कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रायः आगलगी घटनाओं में बृद्धि हो जाती है। सावधानी व सतर्कता बरत कर हम इसमें कमी ला सकते है। इस दौरान कर्मियों द्वारा मांक ड्रील कर आग लगने के बाद कैसे इसे नियंत्रित करने के तौर तरीके के बारे में बताया गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक उमा कुमारी, शिक्षक उमेश तिवारी, नागेंद्र ठाकुर, सुनील कुमार दूबे, प्रियंका कुमारी, सुमिता कुमारी, मीना कुमारी, जमाल हुसैन, अग्निशमन विभाग के बबन राय, चंचल नट सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार सरकार से डेड बॉडी घर लाने और 20 लाख मुआवजा राशि दिलाने की मांग

बेतिया(घनश्याम) ।बीते दिन जम्मू कश्मीर के रामबन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिहार के बगहा से जा रहे मजदूरों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई ।इस संबंध में बिंद महासंघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर बिंद ने इस घटना को दुखद घटना एवं समाज की बहुत बड़ी क्षति बताते हुए मृतक के परिवार के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त की ।श्री चंद्रशेखर बिंद ने जिला प्रशासन बेतिया एवं बिहार सरकार से मृतक की बॉडी मजदूरों के घर तक पहुंचाने एवं दाह संस्कार के लिए तत्काल राहत राशि दिलाने की एवं बिहार सरकार से मजदूरों को 10 लाख रुपया मुआवजा राशि दिलवाने की मांग की ।श्री बिंद ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हम मृतक के परिवार के साथ हैं ।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर प्रखंड शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मढ़ौरा प्रखंड अंतर्गत पदस्थापित प्रखंड शिक्षक राकेश प्रसाद के विरुद्ध जनप्रतिनिधिगण के राजनीतिक गतिविधी के अवसर पर उपस्थित रहने की शिकायत प्राप्त हुई। सरकारी सेवक के रूप में उनका आचरण प्रभावी आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर श्री प्रसाद के विरुद्ध मढ़ौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### तीन ट्रक चालक गिरफ्तार

परसा। परसा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के तहत परसा हाई स्कूल चौक के समीप सेओवर लोड बालू लदे बिना चालान के तीन ट्रक को बरामद किया। साथ ही ट्रक के तीनों चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि तीनों जप्त ट्रक ओवरलोडेड बालू लदा हुआ था वही बिना चालान के बालू पाए जाने की स्थिति में तीनों ट्रक चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मशरक सुंदर गांव की महिला सिपाही की सांप के डंसने से किशनगंज में मौत

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के सुंदर गांव की महिला सिपाही की किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना में की सांप डंसने से मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के सुंदर गांव निवासी नरेश प्रसाद सिंह की 27 वर्षीय पुत्री शांति कुमारी हैं। महिला सिपाही को बैरक में सामान लेने के दौरान दाहिने हाथ के अंगुली में सांप ने डंस लिया। उसे इलाज के लिए टेढ़ागाछ पीएचसी में भर्ती करवाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

### यदु मोड़ पर अनियंत्रित ट्रक ने बिजली पोल में मारा टक्कर

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के यदु मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के पोल में टक्कर मार फरार हो गया। वही बिजली पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे इलाके की विधुत आपूर्ति ठप्प हो गई। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में ही अज्ञात ट्रक ने अनियंत्रित होकर बिजली पोल में टक्कर मार ट्रक लेकर फरार हो गया। वहीं बिजली पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि रात्री का समय होने से जान माल की क्षति नहीं हुई घटना यदि दिन में होती तो बड़ी घटना घट सकती थी। वैसे विभाग मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है।

### रामनवमी व छठ को ले पूजा समिति की बैठक में निर्देश

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना परिसर में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति व पूजा समिति के सदस्यों की बैठक शनिवार को हुई। इसमें चैती नवरात्र, छठ, रामनवमी और ईद को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू है। इसका अनुपालन करने, विधि-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। बैठक में सदस्यों से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि निकलने वाली शोभायात्रा में डीजे नहीं बजेगा। लाइसेंस अनिवार्य होगा। पुलिस बल की तैनाती रहेगी और सघन गश्ती भी होगी।

# जिले सहित हायाघाट के रसूलपुर गांव में दर्जनों अवैध आरा मशीन संचालित

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिला के विभिन्न प्रखंड में बिना लाइसेंसी अवैध सैकड़ो आरा मिल वन विभाग की मिलीभगत से चलाई जाती है ।बताया जाता है कि हायाघाट प्रखंड के रसलपुर गांव में लगभग दर्जन अवैध आरा मशीन संचालित है ।कहा जाता है की ऐसे अवैध आरा मशीन संचालित में वन विभाग के कुछ कर्मी के द्वारा प्रत्येक महीने रुपए लेकर चलवाते है कहा जाता है कि ऐसे अवैध आरा मशीन मालिक 18 इंच मशीन के नाम पर बड़े-बड़े लकड़ी की चिराई मशीन से की जाती है जब विभागीय पदाधिकारी कभी कभी अचानक धावा करते हैं तोउस से पहले वन कर्मी के द्वारा उन्हें सूचित कर देते है जिस वैसे आरा मिल मालिक होशियार हो जाते है और बाल बाल बच जाते हैं और बाद में पुनः पूर्व की तरह अपने स्थिति में आ जाते हैं जिसके कारण जिले में सैकड़ो आरा मशीन अवैध रूप से संचालित है ।इस संदर्भ में हायाघाट प्रखंड के रसूलपुर गाव में चला रहे आरा मिल मालिक राम सोगारथ राय ने साफ तौर पर कहा कि मै बिना लाइसेंस का चला रहा हु और इसके एवज में वन विभाग के एक कमी का नाम बताते हुए कहा कि उसे प्रत्येक महीने 4000रुपये मेरे द्वारा दी जाती है।

## प्रारंभिक विद्यालय मे वर्ग 5 व 8 वीं का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



प्रात: किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)थानाक्षेत्र के सभी सरकारी प्रारंभिक विद्यालयो मे शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार वर्ग 5 व 8 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया।

इसको लेकर सभी विद्यालय के शिक्षको तथा छात्र-छात्राओ के साथ साथ अभिभावको मे भी काफी चहल पहल देखी गई ।उ म वि भोरहॉ मे सभी अभिभावको के बीच उनके बच्चो की प्रगति रिपोर्ट दिखाई गई तथा सभी छात्र-छात्राओ की मूल्यांकन की कापी भी उनके देखने के लिए उपलब्ध कराई गई। अभिभावको ने इस प्रकार की व्यवस्था पर काफी खुशी जाहिर की ।मौके पर उपस्थित सभी अभिभावको को प्रधानाध्यापक व शिक्षको धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट की ।उपस्थित अभिभावको से अपील किया गया की नये सत्र मे अपने बच्चो को नियमित रूप से स्कूल भेजे ताकि वे अच्छी शिक्षा हासिल कर अपनी मुकाम को पा सके ।मौके पर विपिन साह, सुनिल सिंह, अमरजीत ठाकुर, शिवकुमारी देवी,जन्नत प्रवीण सहित दर्जनो अभिभावक उपस्थित थे।

# ईवीएम डिस्पैच सेन्टर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं ससमय कराएं पूर्ण : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि ईवीएम डिस्पैच सेन्टर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि ईवीएम स्ट्रॉग रूम में सीसीटीवी एवं सुरक्षा आदि की पुख्ता व्यवस्था सहित पोल, रिजर्वड एवं अनपोल्ड, नन फंक्शनल ईवीएम मशीन हेतु अलग-अलग स्टोरेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीक्षात्मक बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचन कर्मियों का प्रथम एवं द्वितीय रेन्डमाईजेशन, माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं उनका प्रशिक्षण, मतदान कर्मियों का निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षण सहित मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण के बाद मानदेय की राशि का उनके बैंक खाते में ट्रांसफर आदि कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक सूची, पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्र, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, विधि-व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, आईटी एप्लीकेशन, वेबकास्टिंग आदि से संबंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचक सूची की प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाना है, इसे सुनिश्चित कराया जाय। वोटर इंफोरमेशन स्लीप का मुद्रण कराते हुए ससमय वितरण तथा ईपिक का वितरण एवं निगरानी सुनिश्चित किया जाय। समीक्षा के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एमसीटी से जिला को कुल-283080 ईपिक प्राप्त हुआ था, जिसे पोस्ट ऑफिस को उपलब्ध करा दिया गया है। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से ईपिक वोटरों तक पहुंच रहा है। नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पोल्ड ईवीएम को बाजार समिति, बेतिया में निर्धारित बज्रगृह में एवं अनपोल्ड, ननफंक्शनल ईवीएम/रिजर्व ईवीएम को वीवी-पैट वेयर हाउस में रखा जायेगा। निर्वाचन व्यय अनुश्रवण की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पम्फलेट्स और पोस्टर आदि के मुद्रण के संबंध में आरपी एक्ट 1951 की धारा 127 (ए) के तहत कार्रवाई की जाय। बैंक से कैश के संदेहास्पद निकासी पर नजर रखा जाय और विधिसम्मत कार्रवाई की जाय। नोडल पदाधिकारी, स्वीप को निर्देश दिया गया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधि को तीव्र गति से क्रियान्वित कराया जाय। प्राथमिकता के साथ कम प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह सहित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मशरक में बाइक दुर्घटना में 4 घायल, 1 सदर छपरा रेफर

मशरक( मशरक थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बाइक दुर्घटना में 4 घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। बंगरा गांव में अनियंत्रित अपाची बाइक सवार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और अपाची छोड़ फरार हो गया। टक्कर से घायल कर्ण कुदरिया गांव निवासी 22 वर्षीय रोहित कुमार सोनी और 25 वर्षीय अभिषेक कुमार को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से रोहित कुमार सोनी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके पर थाना पुलिस ने अपाची बाइक को जप्त कर लिया ।वहीं घोघिया गांव में बाइक दुर्घटना में सुमंत कुमार घायल हो गए। वहीं तीसरे मामले में सरदारगंज गांव निवासी 52 वर्षीय लाल बिहारी साह बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। घायल बाइक से मशरक आ रहें थें कि सरदारगंज गांव में ही सड़क पर बच्ची को बचाने के चक्कर में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## दो दिवसीय मजमा नाट्य उत्सव में कलाकारों ने दिखलाई प्रतिभा

प्रात: किरण संवाददाता




हाजीपुर। विश्व रंगमंच को समर्पित जिले की चर्चित निर्माण रंगमंच की ओर से दो दिवसीय मजमा नाट्य उत्सव का दो नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति के साथ समाप्त हो गया। अक्षयवट राय स्टेडियम स्थित वैशाली कला मंच पर आयोजित उत्सव में प्रथम दिन श्रीकान्त जी लिखित एवं वरिष्ठ रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक कुत्ते की शानदार प्रस्तुति की गई। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने वर्तमान प्रशासनिक व राजनीतिक व्यवस्था पर गहरा चोट किया। नाटक में दिखाया गया कि जनप्रतिनिधि जनता से वोट तो ले लेते हैं मगर उनके लिए जनता की परेशानिया कोई महत्व नहीं रखती। इसका कारण यह है कि वे प्रशासन को अपने अधिन या गुलाम समझत है। प्रशासन उनकी चाकरी मे परेशान रहती है। जनता के महत्वपूर्न काम भी दम तोड़ देते हैं। पात्र में - एस पी- क्षितिज प्रकाश, नेता और कुत्तेवाला - विनोद हाजीपुरी। ईन्सपेक्टर -पवन कुमार अपूर्व। हवलदार और अन्ना -यशवंत राज। पुलिस 1-गौतम कुमार। पुलिस 2-तरुणेश, कुत्तेवाला 3- रणधीर कुमार, कुत्तेवाला 3-रविशन्कर पासवान, बैक स्टेज -सोनू कुमार थ। मजमा नुक्कड़ नाट्य उत्सव के दूसरे व अंतिम दिन सफदर हाशमी, डा राकेश, एवं क्षितिज पकाश के कहानियों पर आधारित नुक्कड़ नाटक कथा कोलाज की प्रस्तुति की गई। नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी क्षितिज प्रकाश ने किया। नाटक में समाजिक व्यवस्था व उनसे उपजे समस्याओं का कलाकारों ने सजीव चित्रण किया। सर्वप्रथम कवि -विजय कुमार विनीत, तरुणेष, मेदनी कुमार मेनान, सुबोध गाँधी, महेंद्र प्रियदशी ने कविता पाठ किया। मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। नाटक में दिखया गया कि ये दुनियां एक मशीन है जिसे तरह तरह के लोग चलाते है। नाटक के पात्रों में सूत्रधार-क्षितिज प्रकाश, युवा - पवन कुमार अपूर्व, किसान-रविशंकर पासवान, मजदूर-यशवंत राज, आम आदमी -आलोक कुमार, तरुणेश कुमार, रणधीर एवं अन्य थे।

## कौनहारा घाट के पास मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




हाजीपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह - जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आज स्वीप गतिविधि हाजीपुर नगर परिषद के द्वारा हाजीपुर के कौनहारा घाट के पास मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें नगर परिषद के कर्मियों एवं आम जनों ने भाग लिया ।कार्यक्रम में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया, जहां उपस्थित आम जनों ने अपनी सेल्फी लेकर अपने मत अधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया । महुआ प्रखंड अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, महुआ , प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआ एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दिदियो एवं आम जनों ने भाग लिया। इसी क्रम में जिले के बिदुपुर चेहराकला, देसरी ,गोरौल,जंदाहा, लालगंज महनार,महुआ , पटेढ़ी बेलसर, एवं वैशाली प्रखंड के सेविकाओं ने घर-घर जाकर सभी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। आईसीडीएस के हाजीपुर ग्रामीण परियोजना अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घर-घर जाकर सभी मतदाताओं को जागरुक कर मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र वैशाली के द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परामर्श केंद्र पर आये हुए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र वैशाली के युवा स्वयंसेवकों द्वारा लालगंज एवं राजापाकर प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया ।भारत स्काउट एंड गाइड के वैशाली यूनिट द्वारा आरपीसीजे उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवर घाट गोरौल में बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुनियाद केंद्र बिदुपुर महानगर एवं पातेपुर के द्वारा बुनियाद केंद्र पर उपस्थित लाभुकों के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोकतंत्र में मतदान की महत्व पर चर्चा की गई एवं सभी उपस्थित लाभुकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने लोकसभा में निर्वाचन 2024 में मतदान करने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों को मतदान करने का संकल्प लिया गया।

## छापेमारी में भारी मात्रा में चोरी के रेलवे लोहा के साथ 4 गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय स्टेशन पर तैनात आरपीएफ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि नायक टोला हरपुर स्थित एहसानुल्लाह के कबाड़ दुकान में रेल सम्पत्ति रखा हुआ है। सूचना प्राप्ति पश्चात निरीक्षक प्रभारी आर. आर. कश्यप के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार साथ प्रधान आरक्षी गोपाल सिंह, आरक्षी पन्नेलाल यादव, आरक्षी राजीव कुमार, आरक्षी विनोद कुमार पासवान व सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर मुर्मू अ.आ. शाखा रेसुबल रक्सौल स्थानीय थाना हरपुर को सूचित करते हुए उप निरीक्षक बल्ली राय में साथ स्टाफ स्थानीय थाना हरपुर के साथ उक्त कबाड़ दुकान में छापामारी किया गया तो भारी मात्रा में रेल का लोहा बरामद हुआ। ।उक्त दुकान मालिक एहसानुल्लाह ठकुराई पिता मोहम्मद अजीमुल हक ठकुराई, छतवा वार्ड नं 01 थाना छतवा जिला ।बारा, नेपाल को रेल सम्पत्ति खरीदने एवं रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। तदोपरांत उसकी निशानदेही पर हरपुर वार्ड नं 05, पूर्वी चंपारण निवासी 58 वर्षीय जगदीश ठाकुर पिता स्व. विश्वनाथ ठाकुर, 22 वर्षीय शम्भू कुमार पिता जगदीश ठाकुर, सिरिसिया कला वार्ड नं 09 थाना आदापुर, पूर्वी चंपारण निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार पिता कपिलदेव ठाकुर को रेल सम्पत्ति कि चोरी करने तथा उसे बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। वही जगदीश ठाकुर के घर से भी भारी मात्रा में रेल का लोहा बरामद हुआ। एक अन्य व्यक्ति अजीज हवारी पिता जहीर मियां, हरपुर वार्ड नं 01 पूर्वी चंपारण फरार पाया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों एवं फरार अभियुक्त के विरुद्ध रेसुबल पोस्ट रक्सौल पर मु.अ.सं - 04/2024 दिनांक - 29.03.2024 अंतर्गत धारा- 3 आरपी( यूपी) एक्टपंजीकृत किया गया।

## गौरा मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस कंपनी कर्मी लूटकांड का हुआ खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



मढ़ौरा ग्रामीण। गौरा से स्थानीय पुलिस ने लूट की सामग्री के साथ एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले एक मार्च को गौरा ओपी से थाना में तब्दील थाना उद्घाटन के दिन ही मढ़ौरा स्थित मिडलैंड माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी संदीप कुमार नरहरपुर से कंपनी का रुपया वसूलकर वापस मढ़ौरा आ रहे थे। इसी बीच नरहरपुर शारदा राय टोला के पास चंवर में बाइक सवार 3 अपराधियों ने उक्त कंपनी के कर्मचारी को चाकू से जख्मी कर करीब 1 लाख 18 हजार रुपये छीन लिए थे। लुटेरा गत 1 मार्च को मढ़ौरा के मिडलैंड माइक्रोफाइनेंस कर्मी लूटकांड में शामिल था। इसकी गिरफ्तारी से उक्त लूटकांड का खुलासा भी हो गया है। इसके अलावा उक्त कर्मी का चांदी का लॉकेट, अंगूठी आदि भी छीन लिया था । इस घटना के बाद इस मामले में उक्त पीड़ित के द्वारा गौरा थाने में पहला किस दर्ज कराया गया था। जिसे वहां के थानाध्यक्ष बाजीगर कुमार ने एक बड़ी चुनौती के रूप में लिया था। और लगभग 28 दिनों के अथक प्रयास से उक्त लुटेरे को लूट की सामग्री के साथ गिरफ्तार कर इस मामले का खुलासा कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर गौर बाजार से गिरफ्तार लूटेरा नरहरपुर चमारी निवासी राम नारायण राम का पुत्र विकेश कुमार राम है।,,,,यह शनिवार को लूट के सामानों को खपाने के लिए इसुआपुर जा रहा था । जिसकी भनक गौरा पुलिस को लग गई और पुलिस ने उसे गौरा बाजार में ही धड़ दबोचा। थानाध्यक्ष बाजीगर कुमार के अनुसार गिरफ्तार विकेश कुमार राम के पास से 5 हजार रुपये नगद, एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक बनियापुर से लूटी गई बाइक, एक लूटी गई लॉकेट और एक पर्स बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष बाजीगर कुमार के साथ अपर थानाध्यक्ष मो मुर्तजा और अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। पूछताछ के दौरान उक्त लुटेरा ने गौरा पुलिस के सामने अपने कई राज खोले हैं। जिस पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मतदाता जागरूकता हेतु अलग-अलग गतिविधियों का संचालन

औरंगाबाद। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सभी प्रखण्डों में मतदाता जागरूकता हेतु अलग-अलग गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। दाउदनगर में सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर के तहत सीएचओ और एएनएम के नेतृत्व में आशा और ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण किया गया। वहीं बीपीएम हसपुरा के नेतृत्व में अहियापुर पंचायत में जीविका दीदियों द्वारा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाओं को शपथ दिलायी गयी कि हमारे घर के सभी लोग अपना वोट डालें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोह से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, लेखापाल, इउट, आशा फैसिलिटेटर एवम आशा कार्यकताओं एवम अन्य लोगों ने भाग लिए. बीपीएम गोह की उपस्थति में अनमोल वो पुंदौल बेरका में मतदाता जागरूकता रेली और शपथ कराया गया।

## कालाजार उन्मूलन अभियान के तहत सिंथेटिक पायरोथायराइड का होगा छिड़काव

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दल कर्मियों को भीबीडीएस व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, ताकि प्रशिक्षण उपरांत दल कर्मियों द्वारा सही मात्रा में 60 दिनों तक सिंथेटिक पायरोथायराइड (एसपी) कीटनाशक का छिड़काव कालाजार प्रभावित प्रखंडों में हो सकें ।जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया की बैरिया, ठाकराहाँ, मझौलिया,चनपटिया, सिकटा, नरकटियागंज के 16 दलों के 80 कार्यकर्त्ता को प्रशिक्षण दिया जा चूका है। उन्होंने बताया कि अगले माह से छिड़काव कार्य शुरू होने की उम्मीद है ।डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा कि मादा बालू मख्खी के काटने से कालाजार रोग होता है जिसके कारण रुक-रुक कर बुखार आता है ,भूख कम लगता है , शरीर में कालापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली होना और बाल झड़ना लक्षण हो तो कालाजार की जाँच आर के 39 किट से कराएं या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क इलाज कराएं ।कालाजार का सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच व इलाज उपलब्ध है।

वीवीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया की इस वर्ष प्रथम चरण के छिड़काव में गौशाला पूजा घर रसोईघर, बरामदा तथा सभी कमरों में सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप छिड़काव किया जाना है साथ ही एसपी दवा का उचित तरीके से घोल तैयार करते हुए छिड़काव जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान घरों पर मार्किंग करने की विधि भी बताई गई है ।उन्होंने बताया इससे बचाव के लिए लोगों को मच्छरदानी लगाकर सोने, घरों के आसपास साफ-सफाई रखने और नालियों को साफ रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। ताकि लोग कालाजार, मलेरिया, डेंगू जैसे रोग से बचें।

पिरामल के बीसी श्याम सुन्दर कुमार, धर्मेंद्र कुमार ने बताया की छिड़काव के पूर्व घर की अन्दरूनी दीवार की छेद/दरार बंद कर दें, घर के सभी कमरों, रसोई घर, पूजा घर, एवं गोहाल के अन्दरूनी दीवारों पर छः फीट तक छिड़काव अवश्य कराएं एवं छिड़काव के दो घंटे बाद घर में प्रवेश करें, छिड़काव के पूर्व भोजन सामग्री, बर्तन, कपड़े आदि को घर से बाहर रख दें,ढाई से तीन माह तक दीवारों पर लिपाई-पोताई ना करें, जिसमें कीटनाशक (एस.पी) का असर बना रहे।

## विभागीय निर्देश के आलोक में बच्चों को दिया गया मूल्यांकित कॉपी

प्रात: किरण संवाददाता



आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्यालय में अध्ययनरत वर्ग 5 के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका अभिभावकों को उपलब्ध कराई गई। वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बताया कि विभाग के निर्देश के आलोक में वार्षिक परीक्षा 2024 में विद्यार्थियों द्वारा व्यवहृत उत्तर - पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के पश्चात विद्यार्थी द्वारा कितने प्रश्नों का उत्तर सही और कितने प्रश्नों का उत्तर गलत दिया है के बारे में विद्यार्थी एवं अभिभावकों को जानकारी दी गई। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा की गई त्रुटियों का निराकरण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया गया। संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों ने मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को देख कर संतोष व्यक्त किया। अभिभावक राकेश यादव ने कहा कि इस विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है कि इस विद्यालय के छात्र - छात्राओं को इतने अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। प्रधान शिक्षक मनोज कुमार ने अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी में पुन्यदेव पंडित, रघुनाथ यादव, राकेश यादव, ललन शर्मा, कन्हैया प्रयास, शफीक अंसारी , नूरबानो खातून सहित अन्य मौजूद रहे।

## आरा सड़क हादसे में जख्मी बृद्ध महिला की मौत

### इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शनिवार की सुबह उन्होंने तोड़ा दम

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। आरा सड़क हादसे में जख्मी एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवास स्व.जगलाल तिवारी की 70 वर्षीया पत्नी निर्मला तिवारी हैं। इधर मृतका के बेटे सुजीत तिवारी ने बताया कि वह 26 मार्च को बेंगलुरु से अपनी मां के अपने ससुराल जगदेव नगर आया था। 27 मार्च बुधवार की सुबह वह अपनी मां के साथ स्कूटी से अपने गांव बीरमपुर जा रहा था। उसी दौरान धनपुरा बिंद टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने सामने से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में वह आंशिक रूप से जख्मी हो गया था। जबकि उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां से दो दिन चले इलाज के बाद उन्हें शुक्रवार की सुबह इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री किरण देवी, गुड्डी कुमारी व दो पुत्र पिंटू तिवारी एवं सुजीत तिवारी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार



### मंडी विवाद पर फिर भड़की कंगना, अब राहुल गांधी पर बोला हमला

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी से चुनावी मैदान में उतरी कंगना रनौत ने यहां चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। शुक्रवार को यहां पहले उन्होंने रोड शो किया उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। दरअसल मंडी सीट से बीजेपी की तरफ से उम्मीदवार क तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने उनको लेकर एक भद्दा पोस्ट किया था। अब उन्होंने इस मामले में राहुल गांधी को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद कहते हैं कि वो हिंदुओं की शक्ति में नष्ट करना चाहते हैं तो कांग्रेस से और उम्मीद भी क्या की जा सकती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मंडी से उनका नामांकन स्वीकार नहीं कर पाई है। वे घटिया राजनीति करने लगे हैं। उनके नेता राहुल गांधी हिंदुओं में शक्ति को नष्ट करने की बात करते हैं। उनके प्रवक्ता मंडी की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं। मंडी का नाम ऋषि मांडव के नाम पर रखा गया है। मंडी वह स्थान है जहां ऋषि पराशर तपस्या में बैठे थे। मंडी हर साल महाशिवरात्रि पर सबसे बड़ा मेला आयोजित करती है और वे मंडी की महिलाओं के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। लेकिन उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है

उन्होंने न्यूज एजेंसी से भी बात करते हुए राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला और कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि वह शक्ति को नष्ट करना चाहते हैं। उनके लिए ऐसे भाषण कौन लिखता है...मैं चाहती हूं कि मंडी के लोग उन लोगों को जवाब दें जिन्होंने महिलाओं के बारे में अभद्र बातें की हैं। भारत के लोगों ने मुझे हमेशा आशीर्वाद दिया है और मंडी के लोग भी

### बिहार में बंटवारे में कांग्रेस को कई ऐसी सीटें जहां 1984 के बाद नहीं मिली जीत



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। इसमें कांग्रेस पार्टी को कई ऐसी सीटें दी गई हैं जहां से 1984 के बाद पार्टी को जीत नहीं मिली। विरोधी दल बीजेपी ने भी सीट बंटवारे पर तंज कसा है। बिहार में कांग्रेस की सबसे मजबूत सीट किशनगंज है। इस सीट पर लगातार कांग्रेस को जीत मिलती रही है। पिछले चुनाव 2019 में भी यहां से कांग्रेस के मो. जावेद को जीत मिली थी। कटिहार सीट पर कांग्रेस को कई बार जीत मिली थी। 1980, 1984, 1996, 1998 में कांग्रेस को जीत मिली थी। 2014 में भी कांग्रेस छोड़ कर तारिक अनवर ने एनसीपी से यहां जीत दर्ज की थी। माना जा रहा है इस बार कांग्रेस की ओर से तारिक अनवर फिर मैदान में उतरेंगे। सासाराम सीट कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से कांग्रेस के जगजीवन राम लगातार कई बार सांसद रहे। अंतिम बार 2004 और 2009 में कांग्रेस की मीरा कुमार को यहां से जीत मिली थी। कभी कांग्रेस का गढ़ रहा भागलपुर में पिछले तीन दशक से कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी है। यहां से अंतिम बार 1984 में भागवत झा आजाद ने लोकदल के जागेश्वर मंडल को हरा कर जीत दर्ज की थी। 2009 में कांग्रेस ने सदानंद सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन हार हुई थी। 1991 में भी कांग्रेस के सदानंद सिंह को चुनचुन यादव ने बड़े अंतर से हराया था।

मुजफ्फरपुर से 1984 में कांग्रेस के ललितेश्वर प्रसाद शाही को जीत मिली थी। इसके बाद से यहां कभी कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी थी। महागठबंधन की बात करें तो यहां से 1998 में राजद की आरे से जय नारायण प्रसाद निषाद को जीत मिली थी। समस्तीपुर से 1984 में कांग्रेस के रामदेव राय को लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। इसके बाद से जनता दल, राजद, जदयू और लोजपा को जीत मिलती रही।

# 5 दशक में पहली बार चौधरी परिवार की बागपत से दूरी

## उत्तर प्रदेश की 3 विरासत सीटों पर नया प्रयोग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 का लोकसभा चुनाव कई नए मुकाम गढ़ने और राजनीतिक परंपराओं को तोड़ने वाला चुनाव बन गया है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब 1977 के बाद से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट बहुल सीट बागपत से चौधरी चरण सिंह के परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। इसी तरह गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत बन चुकी पीलीभीत सीट पर भी उस खानदान का कोई शख्स चुनाव नहीं लड़ने जा रहा है, क्योंकि बीजेपी ने वरुण गांधी को टिकट देने से इनकार कर दिया है। बागपत और पीलीभीत की ही तरह बरेली सीट का भी हाल है, जहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार का पत्ता साफ कर दिया गया है।

### बिना चौधरी के बागपत सीट

बागपत जाटों का गढ़ रहा है और इसे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के परिवार की विरासतवाली सीट माना जाता रहा है। चौधरी साहब ने यहां से तीन बार 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर, 1980 और 1984 में लोकदल के टिकट पर चुनाव जीता था। उनके बाद 1989 और 1991 में उनके बेटे चौधरी अजित सिंह ने जनता दल के टिकट पर जीतकर इस राजनीतिक विरासत को संभाला। 1996 में अजित सिंह ने कांग्रेस से बागपत सीट जीती लेकिन 1998 के चुनावों में वह भाजपा के सोमपाल शास्त्री से चुनाव हार गए।

इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल बनाई और 1999 में इस सीट को कब्जाने में कामयाब रहे। उन्होंने 2004 और 2009 में भी इस सीट पर जीत दर्ज की लेकिन 2014 में वह सत्यपाल सिंह से चुनाव हार गए। 2019 में अजित सिंह ने बेटे जयंत चौधरी के लिए छोड़ दी लेकिन जूनियर चौधरी सीट नहीं बचा सके। अब जयंत राज्यसभा के सांसद हैं। जुलाई 2022 में ही वह पुराने साथी अखिलेश यादव के सहयोग और समर्थन से राज्यसभा पहुंचे हैं। जहां जुलाई 2028 तक का कार्यकाल शेष है। ऐसे में उन्होंने अपनी पारिवारिक और परंपरागत विरासत वाली बागपत सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को उतारा है।

### मेनका ने सींचा था पीलीभीत को

1984 में अमेठी संसदीय सीट से अपने जेठ और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से 2.7 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से हारने के बाद गांधी परिवार की दूसरी बहू मेनका गांधी ने पीलीभीत की ओर रुख कर लिया था। उन्होंने पहली बार जनता दल के टिकट पर पीलीभीत से 1989 का संसदीय चुनाव जीता। धीरे-धीरे उन्होंने पीलीभीत को इस कदर सींचा कि वह उनकी पारंपरिक सीट बन गई। हालांकि, 1991 में वह बीजेपी के परशुराम से पीलीभीत का चुनाव हार गई थी लेकिन मेनका ने हार नहीं मानी थी। उन्होंने 1996 में जनता दल के टिकट पर दोबारा लड़कर यह सीट भाजपा से छीन ली।

इसके बाद उन्होंने 1998 और 1999 का लोकसभा चुनाव पीलीभीत से ही निर्दलीय जीता। 2004 में मेनका गांधी भाजपा में शामिल हो गईं। इसके बाद उन्होंने 2004 का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जीता। 2009 में उन्होंने इस सीट को अपने 29 वर्षीय बेटे वरुण गांधी के लिए छोड़ दी और खुद आंवला शिफ्ट हो गईं। तब वरुण ने राजनीतिक एंट्री लेते हुए कांग्रेस के वीएम सिंह को 2.8 लाख वोटों के अंतर से हराया था। तब वरुण को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे।

2014 के चुनावों में मेनका फिर पीलीभीत लौट आईं और बेटे वरुण को सुल्तानपुर से उतारा। दोनों ने जीत दर्ज की। उस वक्त भाजपा की लहर थी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। 2019 में फिर मां बेटे ने सीट बदली और मेनका सुल्तानपुर जबकि वरुण पीलीभीत से चुनाव लड़े और जीत गए। इस बार भाजपा ने मेनका को सुल्तानपुर से तो उतारा लेकिन वरुण गांधी को उनकी ही पारिवारिक विरासत वाली सीट पीलीभीत से बेटिकट कर दिया गया। इस बार पीलीभीत से कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा गया है।

बरेली में भी गंगवार हुए पैदल

बरेली सीट भी भाजपा नेता संतोष गंगवार की पारंपरिक सीट रही है। कुर्मी समुदाय से आने वाले गंगवार ने सबसे पहले 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब उन्होंने कांग्रेस की बेगम आबिदा अहमद को हराकर पहली बार यहां जीत दर्ज की थी। 2009 को छोड़ दें तो संतोष गंगवार ने 1989 से लगातार 2019 तक यहां से जीत दर्ज की है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह एरोन से वह चुनाव हार गए थे। गंगवार अटल सरकार में भी मंत्री थे। उन्हें नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में भी बतौर कपड़ा, संसदीय मामलों के मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। बाद में उन्हें वित्त मंत्रालय और फिर श्रम और रोजगार मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

75 साल से ऊपर के हो चुके गंगवार को इस बार भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह बरेली सीट से पूर्व विधायक छत्रपाल सिंह गंगवार को उतारा गया है। सिंह बहेरी सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2007 में पहली बार सपा के अताउरर्हमान को हराकर वह सीट जीती थी। हालांकि, 2012 में वह 18 वोट से चुनाव हार गए थे। 2017 में उन्होंने फिर वहां से जीत दर्ज की लेकिन 2022 में फिर से हार गए थे।

# अरविंद केजरीवाल पर ईडी का चौतरफा वार

## दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में चार्जशीट दायर






**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन चौतरफा बढ़ती ही जा रही हैं। शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अब कोई राहत भी नहीं मिल पाई कि अब प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला केस में चार्जशीट फाइल कर दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट सोमवार को ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले सकती है।

ईडी की इस चार्जशीट में रिटायर्ड मुख्य इंजीनियर जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में ही ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन जारी किया था, लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

**जल बोर्ड घोटाले का पैसा आप नेताओं को दिया गया:** इससे पहले फरवरी में आम आदमी पार्टी के नेताओं के 12 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। ईडी के मुताबिक, जल बोर्ड घोटाले का पैसा आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिया गया था। यह पैसा आप के इलेक्शन फंड के लिए भी दिया गया। ईडी के मुताबिक, इस घोटाले में दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन चीफ इंजीनियर जगदीश अरोड़ा ने यह बात जानते हुए भी कि कंपनी टेक्निकल एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं करती है, 38 करोड़ रुपये के ठेके एमएस एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए थे।

**जगदीश अरोड़ा ने रिश्वत का पैसा आप तक पहुंचाया:** जगदीश अरोड़ा ने ही रिश्वत का पैसा आगे आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों तक पहुंचाया। इसी मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

**ईडी ने 18 मार्च को केजरीवाल को किया था तलब:** गौरतलब है कि, ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजकर 18 मार्च को तलब किया था। हालांकि, केजरीवाल ईडी के समन को भी दरकिनार करते हुए पेश होने से इनकार कर दिया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने इसे केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना करार दिया था।

# किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं रामलीला मैदान की इंडिया रैली: कांग्रेस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर 31 मार्च को आप और इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में महारैली है। इस रैली के जरिए विपक्ष अपनी ताकत दिखाएगा। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि यह रैली किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है। इसमें सारे नेता शामिल हैं, सारी पार्टियां शामिल हैं। ये किसी व्यक्ति नहीं बल्कि संविधान को बचाने के लिए है।

रैली को लेकर जयराम रमेश ने कहा, मैं बिलकुल स्पष्ट कर देना चाहता हूं। इंडिया गठबंधन की रैली है। किसी एक व्यक्ति के लिए रैली नहीं है। इसमें सारी पार्टिया, सारे नेता शामिल हैं। ये किसी व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं है। ये संविधान को, लोकतंत्र को, निष्पक्ष चुनाव को बचाने की रैली है। हम खुद को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहते हैं। लेकिन जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या हो रही है रोज, उसके खिलाफ यह रैली है। 4-5 मुद्दे हैं जिन पर यह रैली आयोजित की गई है। हमें हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल और कई अन्य लोगों को भी नहीं भूलना चाहिए, जिन्हें निशाना बनाया गया है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, झारखंड में जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची तो हेमंत सोरेन जी की गिरफ्तारी हुई। तो हेमंत सोरेन हैं, अरविंद केजरीवाल जी हैं, कई मंत्री हैं अलग-अलग राज्यों में दिल्ली में भी मंत्री हैं। झारखंड, तमिलनाडु के भी कई मंत्रियों को निशाना बनाया गया। तो कल की रैली को लोकतंत्र के नजरिए से देखा जाना चाहिए ना कि किसी एक पार्टी या एक व्यक्ति के तौर पर।

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन कल की रैली में मौजूद रहेंगे, और भी नेता होंगे। चंपाई जी को निमंत्रण देने खुद राहुल जी गए थे।

**'आप' नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया:** आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने शुक्रवार को 31 मार्च को होने वाली पार्टी की महारैली के लिए घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया और साथ ही जेल में बंद अपने नेता अरविंद केजरीवाल के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से कैंडल मार्च की अगुवाई की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।

# पिता आसिफ अली की सीट से निर्विरोध सांसद चुनी गई आसिफा भुट्टो-जरदारी, जनता के प्रति प्रकट किया आभार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी और उनकी हमशक्ल आसिफा भुट्टो-जरदारी शुक्रवार को निर्विरोध संसद सदस्य के रूप में चुनी गई हैं। दरअसल, आसिफा ने अगले महीने होने वाले उपचुनाव के लिए सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट एनए-207 के लिए नामांकन दाखिल किया था। बता दें, यह सीट उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के कारण खाली हुई थी।

**इन उम्मीदवारों ने वापस ली दावेदारी:** रिटर्निंग कार्यालय ने एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि आसिफा के खिलाफ तीन लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। हालाकिं, बाद में तीनों उम्मीदवारों- अब्दुल रसूल ब्रोही, अमानुल्लाह और मैराज अहमद ने अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद आसिफा को सांसद के रूप में निर्विरोध चुन लिया गया।

**जनता का किया आभार:** संसद के लिए निर्विरोध चुने जाने पर आसिफा ने कहा कि वह आभारी और सम्मानित महसूस कर रही हैं। एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा उन्होंने कहा कि मैं समर्पण के साथ और राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना अपने निर्वाचन क्षेत्र की सर्वोत्तम सेवा करने की प्रतिज्ञा करती हूं। बता दें, आसिफा राजनीति और समाजशास्त्र में स्नातक हैं और वैश्विक स्वास्थ्य और विकास में स्नातकोत्तर हैं।

**जानें, आसिफा के बारे में :** उनके पास राजनीति और समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री और वैश्विक स्वास्थ्य और विकास में स्नातकोत्तर की डिग्री है। आसिफा ने शुरुआत में 2012 में पोलियो उन्मूलन के लिए सद्भावना राजदूत के रूप में काम किया, जिससे उनका चेहरा जनता के बीच परिचित हो गया।

**पाकिस्तान की प्रथम महिला भी हैं आसिफा:** हाल ही में आसिफ अली जरदारी ने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जरदारी के साथ आसिफा भुट्टो जरदारी भी थी, जिसे प्रथम महिला या फर्स्ट लेडी नामित किया गया। दरअसल, यह दर्जा राष्ट्रपति की पत्नी को दिया जाता है, लेकिन अपनी पत्नी, पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के 2007 में मौत होने के बाद से ही आसिफ अली जरदारी विधुर हैं।



# केन्या में बड़ा आतंकवादी हमला, कम से कम 6 लोगों की मौत

**नैरोबी/गरिसा, एजेंसी।** केन्या के सीमावर्ती क्षेत्र गरिसा के धोबले शहर में अल-शबाब आतंकवादियों ने शुक्रवार को हमला कर दिया, जिसमें कम से कम छह केन्याई मारे गए। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि केन्या-सोमालिया सीमा के पास गरिसा काउंटी के धोबले शहर में आतंकवादियों के हमले में एक व्यक्ति गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय काउंटी आयुक्त अली मंडुकु ने कहा कि पीड़ित, मेरु क्षेत्र के केन्याई, को सुबह के हमले के दौरान उनके कथित धार्मिक जुड़ाव के कारण निशाना बनाया गया था। मंडुकु ने फोन पर कहा,''मारे गये सभी छह केन्याई हैं जो सीमा रेखा पर व्यापार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन सभी को नजदीक से गोली मारी गई। अल-शबाब समूह ने केन्या और सोमालिया के बीच सीमा क्षेत्र पर अपना अधिकार जमाना चाह रहा है। वहीं पुलिस ने दर्जनों नियोजित हमलों को विफल करते हुए क्षेत्र में अपना अभियान बढ़ा दिया है।

# अमेरिका ने 27 वर्षों के बाद उठाया बड़ा कदम, नस्ल और नस्ल आधारित वर्गीकरण के तरीके बदले



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका में 27 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अमेरिकी सरकार नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके को बदल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से सटीक जनगणना में मदद मिलेगी।

अमेरिका के प्रबंधन और बजट कार्यालय द्वारा गुरुवार को नस्ल और जातीयता के लिए न्यूनतम श्रेणियों में संशोधन की घोषणा की गई है। यह प्रयास अमेरिका के लोगों को एक समान दर्जा देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस नियम के संशोधित होने से सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा इसका मकसद यह है कि अलग अलग समाजों में रह रहे लोग संघीय सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में खुद को देख सकें। इसके लिए एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें डेटा इक्विटी की वरिष्ठ निदेशक मीता आनंद ने बताया कि इससे लोग भावनात्मक रूप से प्रभावित होंगे और इस तरह हम खुद को एक समाज के रूप में देख पाएंगे।

**नियमों में क्या संशोधन हुआ?** :चलिए आपको बताते हैं कि नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों को वर्गीकृत करने के नियमों में आखिर क्या संशोधन हुए हैं।

पहले नस्ल और जाति के सवाल फॉर्म से अलग से पूछे जाते थे। अब इन सभी सवालों को एक ही फॉर्म में जोड़ दिया गया है।

अब लोगों से अपनी नस्ल या जाति के बारे में बताने के लिए एक ही सवाल पूछा जाएगा। लोग विकल्प की मदद से सवाल का उत्तर दे सकेंगे। जैसे ब्लैक, अमेरिकन इंडियन, हिस्पैनिक, मध्य पूर्वी या उत्तरी अफ्रीकन।

### इसकी जरूरत आखिर क्यों पड़ी?

ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में एक शोध हुआ था, जिससे पता चला था कि बड़ी संख्या में हिस्पैनिक लोग यह नहीं समझ पाते कि नस्ल के सवाल का जवाब क्या दें। दरअसल अब तक उनसे यह सवाल अलग से पूछा जाता था। इसलिए या तो वह लोग इसका उत्तर ही नहीं देते थे या 'कोई अन्य जाति' का विकल्प चुन लेते थे। अब नए विकल्पों में मध्य पूर्वी और उत्तर अफ्रीकी भी जोड़े जाएंगे। साफ है कि सभी लोगों के पास खुद को पहचानने का विकल्प होगा। ऐसे में जनगणना और भी ज्यादा सटीक हो जाएगी। आपको बता दें कि अमेरिका में यूरोप, एशिया, अफ्रीकी मूल के लोगों को हिस्पैनिक कहा जाता है। ये लोग अमेरिका में जाकर बस गए थे। साल 2020 की जनगणना के अनुसार करीब 35 लाख लोग मध्य पूर्वी और उत्तरी अफ्रीकी के रूप में पहचान रखते हैं।

### अन्ना एस्कामानी ने क्या कहा?

ऑरलैंडो की डेमोक्रेट और फ्लोरिडा राज्य प्रतिनिधि अन्ना एस्कामानी का कहना है कि यह देखकर अच्छा लगता है कि मेरा परिवार भी अब सफेद बॉक्स पर निशान लगा सकता है। अब तक हमें नहीं पता था कि दूसरा बॉक्स हमारे परिवार को दर्शाता है। दरअसल अन्ना एस्कामानी के माता-पिता ईरान से हैं और कभी उन्हें भी इस समस्या से जूझना पड़ा था। इसलिए एन्ना भी चाहती थीं कि परिवर्तन हो। उन्होंने कहा ये बदलाव नीग्रो, बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक जैसे अपमानजनक कहे जाने वाले शब्दों पर भी प्रहार करेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129